卐 श्री सदगुरु देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 235 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦5 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## मोदी कैबिनेट ने की लोकसभा को भंग करने की सिफारिश

नई दिल्ली (उद ब्यूरो) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की।



बैठक में 17वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई। मौजूदा 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा को भंग करने की शक्ति राष्ट्रपति के पास होती है, लेकिन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या केंद्रीय कैबिनेट की सलाह से ही लोकसभा को भंग कर सकते हैं। अब चूंकि कैबिनेट ने लोकसभा को भंग करने की सिफारिश कर दी है तो राष्ट्रपति की मंजूरी के साथ ही 17वीं लोकसभा भंग हो जाएगी। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लोकसभा चुनाव के नतीजों और भाजपा नीत एनडीए(शेष पृष्ठ सात पर)

### आठ जून को हो सकता है शपथ समारोह

नई दिल्ली ।नई सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख और समय मुकर्रर हो गया है। सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण समारोह 8 जून की शाम को हो सकता है। इसे लेकर तैयारियों पर मंथन तेज हो गया है। नए मंत्रिमंडल में चेहरों को लेकर सहयोगी दलों से बातचीत और बैठकों का दौर भी तेज हो गया है। संभव है कि दो-तीन दिन में नामों को फाइनल कर लिया जाएगा। तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेते ही नरेंद्र मोदी के नाम एक नया रिकॉर्ड भी जुड़ जाएगा। वे देश के दूसरे ऐसे नेता बन जाएंगे, (शेष पृष्ठ 7पर)

## सहस्त्रताल में पांच और ट्रैकरों की मौत

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। 14500 फीट की ऊंचाई पर स्थित सहस्त्रताल में फंसे कर्नाटक, महाराष्ट्र के पांच और ट्रैकरों की मौत हो गई है। अब तक नौ ट्रैकरों की जान जा चुकी है। वहीं दस ट्रैकरों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित निकाला जा चुका है। बता दें 29 मई को एक 22 सदस्यीय दल मल्ला-सिल्ला से कुश कुल्याण बुग्याल होते हुए सहस्त्रताल की ट्रैकिंग के लिए निकला था। यहां चार ट्रैकर की ठंड लगने से मौत हो गई थी। 18 ट्रैकर वहां फंसे थे, इनमें से आज पांच ट्रैकरों की और मौत हो गई। जिला प्रशासन के अनुरोध पर वायु सेना के दो चेतक हेलीकॉप्टर अभियान में लगाए गए हैं। दस ट्रैकर को सुरक्षित लाया जा चुका है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया है कि सहस्त्रताल की ट्रैकिंग रुट पर फंसे ट्रैकर्स को रेस्क्यू करने के लिए एसडीआरएफ व वन विभाग के रेस्क्यू दल अलग-अलग दिशाओं से घटना स्थल के लिए गए हैं। वन विभाग की दस सदस्यों की रेकी व रेस्क्यू टीम सिल्ला गांव से आगे गई है। जबकि जिला मुखयालय उत्तरकाशी से एसडीआरएफ के दल ने भी टिहरी जिले के बूढ़ाकेदार की तरफ से रेस्क्यू शुरू किया। रेस्क्यू अभियान के समन्वय में जुटे पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि एसडीआरएफ की माउंटेनियरिंग टीम भी देहरादून से हेलिकॉप्टर से एरियल रैकी के लिए गई है। साथ (शेष पृष्ठ सात पर)



## मुख्यमंत्री धामी ने राहुल गांधी को 'पछाड़ा'



**सोशल मीडिया पर धामी की जबरदस्त छलांग, एक करोड़ से अधिक फॉलोअर्स वाले राजनेता की जमात में हुए शामिल,फैन फॉलोइंग के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं मल्लिकार्जुन खड़गे को भी छोड़ा पीछे, सोशल मीडिया पर लोकप्रियता की दृष्टि से उत्तराखंड के सभी राजनेताओं की तुलना में भी नंबर वन**

-अर्श-

रुद्रपुर। संपन्न आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक की भूमिका मिलने के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री की लोकप्रियता में अच्छा खासा इजाफा हुआ है। सोशल मीडिया पर सूबे के मुखिया की लोकप्रियता का आलम इन दिनों कुछ ऐसा है कि उन्होंने सोशल मीडिया फॉलोअर्स की संख्या के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रियंका गांधी तथा मल्लिकार्जुन खड़गे तक को भी पीछे छोड़ दिया है। इतना ही नहीं सोशल मीडिया पर सीएम धामी की फैन फॉलोइंग इस समय वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन गडकरी से भी अधिक हो चुकी है।इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर लोकप्रियता के मामले में तमाम भाजपाई नेताओं को भी पीछे छोड़ दिया है।अब सोशल मीडिया पर फैन फॉलोइंग की दृष्टि से केवल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के अलावा कुछ चुनिंदा राजनेता ही धामी से आगे रह गए हैं। बताना होगा कि विगत दिनों उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के फेसबुक पेज के फॉलोअर्स की संख्या एक करोड़ पार कर गई। इसके बाद वे पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह वाले एक करोड़ से अधिक फॉलोअर्स के ग्रुप में शुमार हो गए हैं। धामी की लोकप्रियता के ग्राफ में हाल के दिनों में आए इस उछाल के पीछे लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक की जिम्मेदारी मिलने और अपनी सरकार में उनके कड़े और धाकड़ फैसलों को देखा जा रहा है ।राजनीतिक जानकार मानते हैं कि धामी की ऊपर से मुलायम और निर्णय लेने के समय भीतर से बेहद कठोर वाली छवि ने उत्तराखंड के युवाओं को अपना मुरीद बना लिया है। शायद यही कारण है कि युवाओं में आजकल मुख्यमंत्री धामी का क्रेज कुछ ज्यादा ही दिखाई पड़ रहा है। खास बात तो यह है कि देश के अन्य राज्यों के सभी कद्दावर मुख्यमंत्रियों मसलन योगी आदित्यनाथ, अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी हिमंत विश्व शर्मा आदि की तुलना में भी सोशल मीडिया पर पुष्कर सिंह धामी की फैन फॉलोइंग ज्यादा है। इसके अलावा उत्तराखंड के तमाम बड़े राजनेताओं जैसे उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, त्रिवेंद्र सिंह रावत पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश चंद्र पोखरियाल आदि की फैन फॉलोइंग भी अब पुष्कर सिंह धामी की तुलना में कम हो चुकी है।

## ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ी रोडवेज बस,परिचालक की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता) । गत रात्रि नैनीताल से दिल्ली जा रही रोडवेज बस मार्ग में बिलासपुर के पास सामने आती ट्रेक्टर ट्राली से जा भिड़ी। इस दुर्घटना में जहां बस परिचालक की मौत हो गई वहीं चालक सहित कई यात्रियों को चोटें आई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कर्मियों के साथ ही रोडवेज के कई अधिकारी मौके पर आ गए। घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया जहां चिकित्सकों ने परिचालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही उसके परिजन भी आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी डिपो की बस संख्या यूके 07 पी ए 4183 गत रात्रि नैनीताल से यात्रियों को लेकर दिल्ली को रवाना हुई। बस चालक महेश तथा परिचालक मनीष मिश्रा रूद्रपुर से आगे बढ़े। रात्रि करीब 11 बजे जब वह बिलासपुर के पास पहुंचे तो अचानक सामने ट्रेक्टर ट्राली के आ जाने से चालक महेश बस को नियंत्रित नहीं कर पाया और बस तेजी से ट्रेक्टर ट्राली से भिड़ गई। इससे बस सवार यात्रियों में चीख पुकार शुरू हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कर्मियों के साथ ही रोडवेज के कई अधिकारी मौके पर आ गए। घायलों को चिकित्सालय भेजा गया जहां चिकित्सकों ने (शेष पृष्ठ सात पर)



## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की जान गयी

किच्छा(उद संवाददाता)। बरेली से लालकुआं जा रही ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत से उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वार्ड में भी की मौत के कारण सन्नाटा छा गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 16 नई बस्ती विकास कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार पुत्र विद्याराम लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस के पास से घर को जा रहा था कि अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई जिसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी गई रेलवे पुलिस द्वारा घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई तथा युवक को सीएससी केंद्र किच्छा लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पाकर मृतक के परिवार वाले सीएससी केंद्र में पहुंच गए। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।





## पर्यावरण दिवस पर शहर को हरा-भरा बनाने की ली शपथ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पर्यावरण दिवस पर प्रशासन व रुद्रपुर नगर निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस और जीरो वेस्ट इवेंट के दो विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अवसर पर एक भव्य रैली का आयोजन किया गया, जो अटरिया पुल से सिडकुल ढाल तक निकाली गई। रैली में शामिल लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाए और जनता को स्वच्छता और हरियाली के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर पौध रोपण अभियान और स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई गई। विश्व पर्यावरण दिवस के दिन सभी उपस्थित लोगों ने शहर को स्वच्छ और हरित बनाने की शपथ ली। इस मौके पर उपायुक्त शिप्रा जोशी ने कहा, यह दिन हमें हमारे पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। हमें मिलकर इसे स्वच्छ और सुरक्षित रखना है।कार्यक्रम के दौरान जीरो वेस्ट को प्रोत्साहित करने के लिए पुनः उपयोग योग्य कटलरी का इस्तेमाल किया गया और किसी भी प्रकार के प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया। जीरो वेस्ट इवेंट के दौरान पुनः उपयोग योग्य कटलरी का इस्तेमाल किया गया और किसी भी प्रकार के प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया। इस आयोजन में महिलाओं की स्व-सहायता समूह नारी शक्ति को भी प्रोत्साहित किया गया, जिन्होंने इस कार्यक्रम को प्रबंधित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहायक आयुक्त राजू नबियाल (शेष पृष्ठ 7 पर)



## घात लगाकर युवक पर हमला

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं थाना पुलभट्टा क्षेत्र के ग्राम भंगा में घर लौटते युवक पर कुछ लोगों ने घात लगाकर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। ग्राम भंगा निवासी शफीक अहमद पुत्र शबीर अहमद ने बताया कि उसके पिता ने ग्राम के ही व्यक्ति से जमीन खरीदी थी। गत सायं वह बजरी लेकर जा रहा था इसी दौरान मार्ग में पहले से घात लगाकर बैठे कुछ लोगों ने उस पर पीछे से धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आ गई। हमलावर धमकी देते हुए वहां से भाग गये।



# रुद्रपुर विधानसभा में मतदान केन्द्रवार प्रत्याशियों को मिले मतों का विवरण

| Serial No. Of Polling Station | | No of Valid Votes Cast in favour of | | | | | | | | | | Total of Valid Votes | No. Of Rejected Votes | Votes for NOTA | Total | No. Of Tendered Votes |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | AKHTAR ALI | AJAY BHATT | PRAKASH JOSHI | AKHALESH KUMAR | AMAR SINGH SAINI | JEEVAN CHANDRA UPRETI | SHIB SINGH | SURENDRA SINGH | RAMESH KUMAR MAX | HITESH PATHAK | | | | | |
| 1 | 1 | 3 | 330 | 99 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 435 | 0 | 2 | 437 | 0 |
| 2 | 2 | 5 | 360 | 115 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 485 | 0 | 4 | 489 | 0 |
| 3 | 3 | 17 | 253 | 74 | 2 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 351 | 0 | 3 | 354 | 0 |
| 4 | 4 | 11 | 294 | 71 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 379 | 0 | 4 | 383 | 0 |
| 5 | 5 | 106 | 311 | 108 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 526 | 0 | 3 | 529 | 0 |
| 6 | 6 | 9 | 326 | 126 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 4 | 469 | 0 | 1 | 470 | 0 |
| 7 | 7 | 4 | 556 | 50 | 1 | 0 | 3 | 0 | 0 | 2 | 2 | 618 | 0 | 3 | 621 | 0 |
| 8 | 8 | 3 | 513 | 71 | 1 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 593 | 0 | 4 | 597 | 0 |
| 9 | 9 | 4 | 103 | 64 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 171 | 0 | 4 | 175 | 0 |
| 10 | 10 | 1 | 80 | 58 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 140 | 0 | 1 | 141 | 0 |
| 11 | 11 | 1 | 48 | 42 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 93 | 0 | 1 | 94 | 0 |
| 12 | 12 | 3 | 66 | 28 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 98 | 0 | 3 | 101 | 0 |
| 13 | 13 | 2 | 712 | 174 | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 895 | 0 | 4 | 899 | 0 |
| 14 | 14 | 2 | 550 | 73 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 627 | 0 | 0 | 627 | 0 |
| 15 | 15 | 2 | 813 | 153 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 974 | 0 | 4 | 978 | 0 |
| 16 | 16 | 4 | 457 | 184 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 648 | 0 | 5 | 653 | 0 |
| 17 | 17 | 2 | 452 | 156 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 611 | 0 | 8 | 619 | 0 |
| 18 | 18 | 11 | 405 | 130 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 546 | 0 | 3 | 549 | 0 |
| 19 | 19 | 4 | 360 | 93 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 458 | 0 | 5 | 463 | 0 |
| 20 | 20 | 6 | 463 | 113 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 586 | 0 | 5 | 591 | 0 |
| 21 | 21 | 0 | 257 | 94 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 352 | 0 | 5 | 357 | 0 |
| 22 | 22 | 3 | 187 | 406 | 1 | 0 | 2 | 0 | 2 | 1 | 0 | 602 | 0 | 4 | 606 | 0 |
| 23 | 23 | 2 | 370 | 271 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 647 | 0 | 1 | 648 | 0 |
| 24 | 24 | 6 | 301 | 418 | 0 | 2 | 0 | 1 | 2 | 1 | 1 | 732 | 0 | 4 | 736 | 0 |
| 25 | 25 | 3 | 344 | 189 | 2 | 1 | 2 | 3 | 0 | 1 | 1 | 546 | 0 | 4 | 550 | 0 |
| 26 | 26 | 8 | 508 | 101 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 619 | 0 | 5 | 624 | 0 |
| 27 | 27 | 4 | 35 | 464 | 3 | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 512 | 0 | 1 | 513 | 0 |
| 28 | 28 | 3 | 128 | 449 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 585 | 0 | 5 | 590 | 0 |
| 29 | 29 | 9 | 361 | 61 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 434 | 0 | 2 | 436 | 0 |
| 30 | 30 | 0 | 290 | 81 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 371 | 0 | 5 | 376 | 0 |
| 31 | 31 | 2 | 327 | 266 | 3 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 602 | 0 | 2 | 604 | 0 |
| 32 | 32 | 0 | 408 | 227 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 638 | 0 | 5 | 643 | 0 |
| 33 | 33 | 0 | 556 | 128 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 687 | 0 | 5 | 692 | 0 |
| 34 | 34 | 0 | 420 | 62 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 484 | 0 | 5 | 489 | 0 |
| 35 | 35 | 5 | 536 | 118 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 4 | 667 | 0 | 6 | 673 | 0 |
| 36 | 36 | 4 | 373 | 134 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 3 | 517 | 0 | 6 | 523 | 0 |
| 37 | 37 | 11 | 571 | 92 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 6 | 1 | 684 | 0 | 7 | 691 | 0 |
| 38 | 38 | 29 | 446 | 89 | 1 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 569 | 0 | 2 | 571 | 0 |
| 39 | 39 | 24 | 585 | 84 | 2 | 3 | 1 | 0 | 2 | 1 | 1 | 703 | 0 | 6 | 709 | 0 |
| 40 | 40 | 21 | 466 | 58 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 549 | 0 | 5 | 554 | 0 |
| 41 | 41 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 42 | 42 | 18 | 484 | 50 | 2 | 0 | 1 | 2 | 0 | 1 | 0 | 558 | 0 | 6 | 564 | 0 |
| 43 | 43 | 8 | 639 | 54 | 2 | 4 | 2 | 1 | 0 | 1 | 1 | 712 | 0 | 2 | 714 | 0 |
| 44 | 44 | 1 | 395 | 140 | 3 | 5 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 545 | 0 | 5 | 550 | 0 |
| 45 | 45 | 3 | 402 | 116 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 524 | 0 | 4 | 528 | 0 |
| 46 | 46 | 1 | 372 | 114 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 489 | 0 | 7 | 496 | 0 |
| 47 | 47 | 7 | 469 | 115 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 593 | 0 | 7 | 600 | 0 |
| 48 | 48 | 1 | 312 | 81 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 396 | 0 | 4 | 400 | 0 |
| 49 | 49 | 4 | 328 | 109 | 2 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 448 | 0 | 4 | 452 | 0 |
| 50 | 50 | 1 | 257 | 100 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 362 | 0 | 1 | 363 | 0 |
| 51 | 51 | 3 | 290 | 95 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 393 | 0 | 6 | 399 | 0 |
| 52 | 52 | 30 | 359 | 178 | 5 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 578 | 0 | 7 | 585 | 0 |
| 53 | 53 | 17 | 429 | 75 | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 | 2 | 3 | 531 | 0 | 2 | 533 | 0 |
| 54 | 54 | 12 | 266 | 321 | 1 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 2 | 606 | 0 | 5 | 611 | 0 |
| 55 | 55 | 5 | 475 | 197 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 682 | 0 | 4 | 686 | 0 |
| 56 | 56 | 5 | 529 | 74 | 2 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 613 | 0 | 2 | 615 | 0 |
| 57 | 57 | 3 | 347 | 127 | 4 | 2 | 3 | 2 | 0 | 0 | 2 | 490 | 0 | 0 | 490 | 0 |
| 58 | 58 | 3 | 459 | 88 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | 557 | 0 | 7 | 564 | 0 |
| 59 | 59 | 2 | 385 | 35 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 423 | 0 | 6 | 429 | 0 |
| 60 | 60 | 4 | 752 | 64 | 2 | 3 | 3 | 1 | 3 | 4 | 1 | 837 | 0 | 3 | 840 | 0 |
| 61 | 61 | 3 | 636 | 93 | 0 | 7 | 1 | 3 | 1 | 1 | 3 | 748 | 0 | 1 | 749 | 0 |
| 62 | 62 | 11 | 770 | 82 | 1 | 1 | 2 | 2 | 2 | 0 | 1 | 872 | 0 | 5 | 877 | 0 |
| 63 | 63 | 6 | 543 | 63 | 1 | 4 | 2 | 1 | 2 | 0 | 0 | 622 | 0 | 3 | 625 | 0 |
| 64 | 64 | 3 | 564 | 37 | 0 | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 | 2 | 612 | 0 | 7 | 619 | 0 |
| 65 | 65 | 3 | 509 | 35 | 0 | 1 | 0 | 2 | 2 | 2 | 3 | 557 | 0 | 3 | 560 | 0 |
| 66 | 66 | 4 | 334 | 44 | 2 | 1 | 0 | 0 | 4 | 2 | 0 | 391 | 0 | 6 | 397 | 0 |
| 67 | 67 | 11 | 267 | 272 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 2 | 0 | 555 | 0 | 4 | 559 | 0 |
| 68 | 68 | 19 | 331 | 380 | 5 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 4 | 743 | 0 | 5 | 748 | 0 |
| 69 | 69 | 1 | 245 | 402 | 2 | 1 | 2 | 1 | 0 | 1 | 2 | 657 | 0 | 9 | 666 | 0 |
| 70 | 70 | 12 | 186 | 335 | 2 | 0 | 2 | 2 | 1 | 2 | 3 | 545 | 0 | 1 | 546 | 0 |
| 71 | 71 | 11 | 492 | 66 | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 576 | 0 | 6 | 582 | 0 |
| 72 | 72 | 1 | 467 | 84 | 2 | 2 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 559 | 0 | 1 | 560 | 0 |
| 73 | 73 | 3 | 438 | 90 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 536 | 0 | 3 | 539 | 0 |
| 74 | 74 | 3 | 503 | 126 | 4 | 7 | 3 | 3 | 2 | 1 | 2 | 654 | 0 | 2 | 656 | 0 |
| 75 | 75 | 1 | 453 | 77 | 0 | 1 | 0 | 0 | 3 | 1 | 2 | 538 | 0 | 3 | 541 | 0 |
| 76 | 76 | 5 | 494 | 67 | 1 | 0 | 2 | 0 | 2 | 1 | 0 | 572 | 0 | 1 | 573 | 0 |
| 77 | 77 | 6 | 400 | 176 | 3 | 5 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 593 | 0 | 1 | 594 | 0 |
| 78 | 78 | 13 | 471 | 161 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 649 | 0 | 2 | 651 | 0 |
| 79 | 79 | 4 | 393 | 105 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 507 | 0 | 4 | 511 | 0 |
| 80 | 80 | 4 | 477 | 118 | 1 | 2 | 2 | 0 | 1 | 0 | 2 | 607 | 0 | 2 | 609 | 0 |
| 81 | 81 | 9 | 367 | 228 | 1 | 0 | 2 | 1 | 1 | 2 | 2 | 613 | 0 | 6 | 619 | 0 |
| 82 | 82 | 4 | 90 | 633 | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 732 | 0 | 3 | 735 | 0 |
| 83 | 83 | 2 | 267 | 83 | 0 | 4 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 358 | 0 | 3 | 361 | 0 |
| 84 | 84 | 0 | 118 | 311 | 3 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 436 | 0 | 3 | 439 | 0 |
| 85 | 85 | 13 | 95 | 598 | 3 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 713 | 0 | 1 | 714 | 0 |
| 86 | 86 | 18 | 198 | 250 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 470 | 0 | 5 | 475 | 0 |
| 87 | 87 | 5 | 192 | 372 | 2 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 576 | 0 | 3 | 579 | 0 |
| 88 | 88 | 2 | 210 | 518 | 2 | 2 | 4 | 3 | 1 | 1 | 2 | 745 | 0 | 1 | 746 | 0 |
| 89 | 89 | 2 | 347 | 90 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 443 | 0 | 2 | 445 | 0 |
| 90 | 90 | 2 | 222 | 239 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 464 | 0 | 2 | 466 | 0 |
| 91 | 91 | 4 | 600 | 72 | 2 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 685 | 0 | 4 | 689 | 0 |
| 92 | 92 | 5 | 688 | 92 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 3 | 2 | 794 | 0 | 2 | 796 | 0 |
| 93 | 93 | 3 | 818 | 77 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 6 | 905 | 0 | 4 | 909 | 0 |
| 94 | 94 | 5 | 273 | 179 | 4 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 467 | 0 | 4 | 471 | 0 |
| 95 | 95 | 4 | 275 | 225 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 508 | 0 | 2 | 510 | 0 |
| 96 | 96 | 3 | 611 | 61 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 678 | 0 | 5 | 683 | 0 |
| 97 | 97 | 7 | 762 | 142 | 0 | 3 | 2 | 0 | 4 | 1 | 3 | 924 | 0 | 8 | 932 | 0 |
| 98 | 98 | 7 | 774 | 163 | 1 | 2 | 2 | 1 | 1 | 3 | 1 | 955 | 0 | 4 | 959 | 0 |
| 99 | 99 | 3 | 205 | 416 | 3 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 629 | 0 | 2 | 631 | 0 |
| 100 | 100 | 2 | 128 | 515 | 5 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 652 | 0 | 2 | 654 | 0 |
| 101 | 101 | 13 | 584 | 186 | 0 | 19 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 804 | 0 | 12 | 816 | 0 |
| 102 | 102 | 5 | 456 | 152 | 2 | 10 | 0 | 0 | 2 | 2 | 5 | 634 | 0 | 8 | 642 | 0 |
| 103 | 103 | 2 | 388 | 58 | 0 | 14 | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 465 | 0 | 0 | 465 | 0 |
| 104 | 104 | 6 | 412 | 79 | 1 | 49 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 549 | 0 | 9 | 558 | 0 |
| 105 | 105 | 2 | 440 | 45 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 489 | 0 | 2 | 491 | 0 |
| 106 | 106 | 2 | 431 | 54 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 1 | 492 | 0 | 1 | 493 | 0 |
| 107 | 107 | 2 | 796 | 107 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 2 | 1 | 911 | 0 | 2 | 913 | 0 |
| 108 | 108 | 4 | 478 | 68 | 2 | 0 | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 556 | 0 | 3 | 559 | 0 |
| 109 | 109 | 5 | 489 | 27 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 526 | 0 | 2 | 528 | 0 |
| 110 | 110 | 25 | 597 | 76 | 2 | 1 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 704 | 0 | 5 | 709 | 0 |
| 111 | 111 | 8 | 526 | 59 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 598 | 0 | 3 | 601 | 0 |
| 112 | 112 | 6 | 495 | 61 | 1 | 2 | 2 | 1 | 0 | 1 | 1 | 570 | 0 | 5 | 575 | 0 |
| 113 | 113 | 8 | 569 | 58 | 0 | 4 | 0 | 1 | 2 | 0 | 2 | 644 | 0 | 1 | 645 | 0 |
| 114 | 114 | 11 | 407 | 25 | 1 | 3 | 0 | 1 | 1 | 1 | 4 | 454 | 0 | 5 | 459 | 0 |
| 115 | 115 | 7 | 361 | 21 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 392 | 0 | 0 | 392 | 0 |
| 116 | 116 | 3 | 441 | 66 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 514 | 0 | 7 | 521 | 0 |
| 117 | 117 | 3 | 410 | 38 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 454 | 0 | 1 | 455 | 0 |
| 118 | 118 | 2 | 475 | 54 | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 534 | 0 | 4 | 538 | 0 |
| 119 | 119 | 3 | 415 | 69 | 0 | 3 | 1 | 1 | 3 | 1 | 3 | 499 | 0 | 3 | 502 | 0 |
| 120 | 120 | 6 | 763 | 72 | 3 | 3 | 0 | 1 | 1 | 1 | 2 | 852 | 0 | 6 | 858 | 0 |
| 121 | 121 | 10 | 707 | 56 | 1 | 1 | 0 | 2 | 1 | 1 | 3 | 782 | 0 | 6 | 788 | 0 |
| 122 | 122 | 15 | 601 | 44 | 4 | 6 | 6 | 6 | 5 | 4 | 4 | 695 | 0 | 7 | 702 | 0 |
| 123 | 123 | 9 | 554 | 37 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 604 | 0 | 5 | 609 | 0 |
| 124 | 124 | 6 | 434 | 39 | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 483 | 0 | 2 | 485 | 0 |
| 125 | 125 | 8 | 547 | 38 | 0 | 3 | 0 | 1 | 0 | 2 | 3 | 602 | 0 | 2 | 604 | 0 |
| 126 | 126 | 4 | 523 | 100 | 0 | 4 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 634 | 0 | 6 | 640 | 0 |
| 127 | 127 | 15 | 540 | 89 | 1 | 0 | 1 | 1 | 2 | 0 | 2 | 651 | 0 | 8 | 659 | 0 |
| 128 | 128 | 3 | 364 | 147 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 518 | 0 | 6 | 524 | 0 |
| 129 | 129 | 1 | 369 | 103 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 475 | 0 | 3 | 478 | 0 |
| 130 | 130 | 2 | 296 | 95 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 398 | 0 | 4 | 402 | 0 |
| 131 | 131 | 6 | 259 | 64 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 332 | 0 | 2 | 334 | 0 |
| 132 | 132 | 3 | 373 | 96 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 475 | 0 | 3 | 478 | 0 |
| 133 | 133 | 1 | 359 | 73 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 436 | 0 | 6 | 442 | 0 |
| 134 | 134 | 3 | 412 | 66 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 483 | 0 | 4 | 487 | 0 |
| 135 | 135 | 2 | 396 | 60 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 460 | 0 | 5 | 465 | 0 |
| 136 | 136 | 15 | 457 | 115 | 1 | 3 | 1 | 1 | 2 | 1 | 0 | 596 | 0 | 4 | 600 | 0 |
| 137 | 137 | 3 | 392 | 87 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 484 | 0 | 3 | 487 | 0 |
| 138 | 138 | 18 | 234 | 66 | 0 | 3 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 324 | 0 | 4 | 328 | 0 |
| 139 | 139 | 14 | 427 | 101 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 549 | 0 | 2 | 551 | 0 |
| 140 | 140 | 8 | 367 | 72 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 452 | 0 | 1 | 453 | 0 |
| 141 | 141 | 6 | 580 | 163 | 2 | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 756 | 0 | 10 | 766 | 0 |
| 142 | 142 | 13 | 492 | 141 | 1 | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 | 652 | 0 | 3 | 655 | 0 |
| 143 | 143 | 15 | 580 | 93 | 3 | 7 | 2 | 2 | 1 | 3 | 1 | 707 | 0 | 9 | 716 | 0 |
| 144 | 144 | 7 | 342 | 205 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 558 | 0 | 0 | 558 | 0 |
| 145 | 145 | 21 | 420 | 269 | 5 | 4 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 723 | 0 | 3 | 726 | 0 |
| 146 | 146 | 6 | 413 | 204 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 627 | 0 | 3 | 630 | 0 |
| 147 | 147 | 5 | 424 | 135 | 2 | 3 | 0 | 0 | 2 | 0 | 1 | 572 | 0 | 7 | 579 | 0 |
| 148 | 148 | 7 | 317 | 182 | 1 | 5 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 513 | 0 | 2 | 515 | 0 |
| 149 | 149 | 5 | 330 | 84 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 424 | 0 | 6 | 430 | 0 |
| 150 | 150 | 4 | 325 | 86 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 418 | 0 | 0 | 418 | 0 |
| 151 | 151 | 4 | 342 | 65 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 414 | 0 | 1 | 415 | 0 |
| 152 | 152 | 27 | 578 | 248 | 4 | 1 | 0 | 6 | 2 | 1 | 0 | 867 | 0 | 5 | 872 | 0 |
| 153 | 153 | 22 | 502 | 136 | 3 | 0 | 0 | 3 | 0 | 1 | 1 | 668 | 0 | 7 | 675 | 0 |
| 154 | 154 | 7 | 195 | 267 | 4 | 3 | 3 | 4 | 2 | 2 | 1 | 488 | 0 | 2 | 490 | 0 |
| 155 | 155 | 3 | 228 | 258 | 5 | 4 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 501 | 0 | 4 | 505 | 0 |
| 156 | 156 | 82 | 346 | 98 | 3 | 9 | 2 | 1 | 0 | 0 | 2 | 543 | 0 | 7 | 550 | 0 |
| 157 | 157 | 5 | 360 | 156 | 3 | 1 | 0 | 1 | 2 | 1 | 1 | 530 | 0 | 5 | 535 | 0 |
| 158 | 158 | 12 | 336 | 177 | 1 | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 536 | 0 | 5 | 541 | 0 |
| 159 | 159 | 31 | 221 | 217 | 4 | 4 | 1 | 0 | 1 | 2 | 3 | 484 | 0 | 6 | 490 | 0 |
| 160 | 160 | 4 | 116 | 137 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 262 | 0 | 2 | 264 | 0 |
| 161 | 161 | 12 | 252 | 187 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 455 | 0 | 3 | 458 | 0 |
| 162 | 162 | 1 | 442 | 85 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 529 | 0 | 3 | 532 | 0 |
| 163 | 163 | 4 | 503 | 69 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 576 | 0 | 1 | 577 | 0 |
| 164 | 164 | 7 | 593 | 130 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 736 | 0 | 9 | 745 | 0 |
| 165 | 165 | 2 | 597 | 161 | 2 | 1 | 0 | 2 | 1 | 1 | 1 | 768 | 0 | 5 | 773 | 0 |
| 166 | 166 | 15 | 756 | 153 | 3 | 0 | 0 | 2 | 4 | 1 | 1 | 935 | 0 | 5 | 940 | 0 |
| 167 | 167 | 7 | 637 | 146 | 0 | 4 | 0 | 2 | 0 | 1 | 3 | 800 | 0 | 5 | 805 | 0 |
| 168 | 168 | 27 | 607 | 157 | 1 | 2 | 1 | 2 | 2 | 3 | 1 | 803 | 0 | 5 | 808 | 0 |
| 169 | 169 | 6 | 603 | 120 | 3 | 3 | 2 | 0 | 0 | 2 | 2 | 741 | 0 | 10 | 751 | 0 |
| 170 | 170 | 1 | 548 | 163 | 0 | 0 | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 | 717 | 0 | 2 | 719 | 0 |
| 171 | 171 | 22 | 493 | 90 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 609 | 0 | 3 | 612 | 0 |
| 172 | 172 | 4 | 711 | 73 | 2 | 1 | 2 | 0 | 0 | 1 | 9 | 803 | 0 | 2 | 805 | 0 |
| 173 | 173 | 1 | 624 | 42 | 2 | 3 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 675 | 0 | 3 | 678 | 0 |
| 174 | 174 | 19 | 730 | 78 | 2 | 5 | 2 | 3 | 0 | 3 | 4 | 846 | 0 | 9 | 855 | 0 |
| 175 | 175 | 5 | 512 | 218 | 3 | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 3 | 747 | 0 | 12 | 759 | 0 |
| 176 | 176 | 4 | 433 | 43 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 485 | 0 | 2 | 487 | 0 |
| 177 | 177 | 46 | 252 | 449 | 8 | 0 | 4 | 0 | 1 | 6 | 2 | 768 | 0 | 8 | 776 | 0 |
| 178 | 178 | 3 | 567 | 86 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 3 | 663 | 0 | 4 | 667 | 0 |
| 179 | 179 | 3 | 339 | 77 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 2 | 424 | 0 | 1 | 425 | 0 |
| 180 | 180 | 6 | 530 | 85 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4 | 629 | 0 | 3 | 632 | 0 |
| 181 | 181 | 4 | 467 | 32 | 4 | 1 | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 514 | 0 | 1 | 515 | 0 |
| 182 | 182 | 11 | 942 | 38 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 997 | 0 | 4 | 1001 | 0 |
| 183 | 183 | 1 | 758 | 95 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 861 | 0 | 2 | 863 | 0 |
| 184 | 184 | 2 | 281 | 78 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 2 | 1 | 368 | 0 | 4 | 372 | 0 |
| 185 | 185 | 1 | 500 | 87 | 2 | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 596 | 0 | 0 | 596 | 0 |
| 186 | 186 | 6 | 787 | 211 | 3 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 3 | 1016 | 0 | 6 | 1022 | 0 |
| 187 | 187 | 10 | 752 | 155 | 4 | 4 | 4 | 0 | 1 | 2 | 3 | 935 | 0 | 6 | 941 | 0 |
| 188 | 188 | 5 | 645 | 108 | 2 | 1 | 3 | 0 | 0 | 2 | 4 | 770 | 0 | 5 | 775 | 0 |
| 189 | 189 | 4 | 704 | 70 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 780 | 0 | 2 | 782 | 0 |
| 190 | 190 | 2 | 580 | 106 | 0 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 6 | 698 | 0 | 2 | 700 | 0 |
| 191 | 191 | 1 | 394 | 149 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 549 | 0 | 1 | 550 | 0 |
| 192 | 192 | 2 | 594 | 89 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 690 | 0 | 2 | 692 | 0 |
| 193 | 193 | 0 | 211 | 252 | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 468 | 0 | 4 | 472 | 0 |
| 194 | 194 | 2 | 383 | 101 | 0 | 1 | 2 | 0 | 1 | 2 | 0 | 492 | 0 | 6 | 498 | 0 |
| 195 | 195 | 4 | 815 | 50 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 874 | 0 | 1 | 875 | 0 |
| 196 | 196 | 2 | 559 | 85 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 3 | 653 | 0 | 4 | 657 | 0 |
| 197 | 197 | 1 | 440 | 59 | 0 | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 505 | 0 | 0 | 505 | 0 |
| 198 | 198 | 4 | 890 | 74 | 1 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 6 | 979 | 0 | 3 | 982 | 0 |
| 199 | 199 | 3 | 799 | 46 | 0 | 2 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 854 | 0 | 1 | 855 | 0 |
| 200 | 200 | 6 | 94 | 419 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 2 | 2 | 527 | 0 | 2 | 529 | 0 |
| 201 | 201 | 5 | 184 | 325 | 3 | 1 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 522 | 0 | 4 | 526 | 0 |
| 202 | 202 | 7 | 1003 | 23 | 1 | 2 | 2 | 1 | 1 | 2 | 2 | 1044 | 0 | 2 | 1046 | 0 |
| 203 | 203 | 0 | 651 | 66 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 723 | 0 | 1 | 724 | 0 |
| 204 | 204 | 4 | 510 | 30 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 545 | 0 | 0 | 545 | 0 |
| 205 | 205 | 64 | 649 | 62 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 778 | 0 | 4 | 782 | 0 |
| 206 | 206 | 0 | 467 | 67 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 1 | 2 | 541 | 0 | 1 | 542 | 0 |
| 207 | 207 | 11 | 359 | 95 | 0 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 1 | 475 | 0 | 6 | 481 | 0 |
| 208 | 208 | 15 | 377 | 141 | 2 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 4 | 543 | 0 | 8 | 551 | 0 |
| 209 | 209 | 31 | 133 | 140 | 2 | 2 | 2 | 2 | 0 | 1 | 3 | 316 | 0 | 2 | 318 | 0 |
| 210 | 210 | 25 | 375 | 149 | 1 | 2 | 2 | 1 | 0 | 3 | 4 | 562 | 0 | 4 | 566 | 0 |
| **Total EVM Votes** | | **1669** | **92106** | **28242** | **287** | **411** | **177** | **136** | **116** | **179** | **258** | **123581** | **0** | **801** | **124382** | **0** |

# महिला एवं सामाजिक जागरूकता समिति ने किया पौधारोपण



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति ने विभिन्न प्रकार के औषधीय व छायादार पौधे वितरित किए । साथ ही मां अटरिया प्रांगण में पौधारोपण कर संगोष्ठी भी आयोजित की। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ उषा नरेंद्र जैन ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन में बहुत महत्व रखता है, इसके बिना हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। शहरों में बहुत से लोगों को बुरी आदतों के कारण सांस, हृदय, फेफड़े की समस्याएं हो रही हैं। हमें यह अवश्य करना चाहिए कि सम्पूर्ण मानवता का अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है। इसलिए एक स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण के बिना मानव समाज की कल्पना अधूरी है। हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है इसका मकसद है लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और संचेत करना है। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ उषा नरेंद्र जैन ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन में बहुत महत्व रखता है, इसके बिना हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। शहरों में बहुत से लोगों को बुरी आदतों के कारण सांस, हृदय, फेफड़े की समस्याएं हो रही हैं। हमें यह अवश्य करना चाहिए कि सम्पूर्ण मानवता का अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है। इसलिए एक स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण के बिना मानव समाज की कल्पना अधूरी है।हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है इसका मकसद है लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और संचेत करना है। समिति की मीडिया प्रभारी कविता रावत ने कहा आज पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और बढ़ते प्रदूषण के चलते पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ती जा रही है खराब हवा से लोगों को दम घुट रहा है ,शहरों में बहुत से लोगों को बदतर आवोहवा के चलते लोगों को सांस, हृदय,फेफड़ों की बीमारी हो रही है। समिति की सदस्य ममता नेगी ने समझाया कि हमें यह समझना चाहिए कि संपूर्ण मानवता का अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है इसलिए एक स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण के बिना मानव समाज की कल्पना अधूरी है। पृथ्वी ग्रह पर ही मानव जीवन संभव है इसलिए इसे जीने लायक बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है।इस अवसर पर ममता नेगी, कविता रावत, श्वेता, नीरमति, अनीता देवी, हेमा वर्मा, माधवी अधिकारी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।




# सर्वर डाउन होने से थक्का बना रोगियों का ब्लड सैंपल

## सरकारी अस्पताल में रोगियों की निशुल्क रक्त जांच अटकी

सितारगंज (उद संवाददाता)। सरकारी अस्पताल में निशुल्क रक्त जांच करने वाली एजेंसी का सर्वर डाउन होने से अस्पताल की ओपीडी में रक्त की आवश्यक जांच कराने पहुंचे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान ब्लड सैंपल देने वाले मरीजों का खून सिरिंज में ही थक्का बन गया। इसके अलावा कुछ जरूरतमंद रोगियों को निर्धारित तिथि के अनुसार जांच रिपोर्ट नहीं मिल सकी। पूर्व सभासद रवि रस्तोगी ने अस्पताल पहुंचकर मामले में उच्च अधिकारियों से वार्ता की। उप जिला चिकत्सालय में बुधवार की सुबह चंदन डायग्नोस्टिक एजेंसी का ऑनलाइन सर्वर डाउन होने से निशुल्क खून की जांच कराने वाले मरीजों के आगे काफी दिक्कतें सामने आई। लैब टेक्नीशियन नीरज के पास खून जांच कराने वाले ओपीडी मरीजों की भीड़ लग गई। लेकिन सर्वर डाउन होने से ब्लड जांच की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़



पाई। जिस वजह से अस्पताल पहुंचे मरीजों को उपचार में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दूर दराज से पहुंचे मरीजों को सर्वर डाउन होने के कारण पूर्व में दिए गए ब्लड सैंपल की रिपोर्ट भी नहीं मिल सकी है। नानकमत्ता के ध्यानपुर निवासी 70 वर्षीय महिला ने बताया कि तीन दिन पहले वह ब्लड जांच का सैंपल अस्पताल में दे गई थी आज उसे जांच रिपोर्ट मिलनी थी। लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण जांच रिपोर्ट नहीं मिल सकी। इस वजह से वह डॉक्टर से दवा नहीं ले सकी है। पूर्व सभासद रवि रस्तोगी ने ब्लू चार्ज एजेंसी का सर्वर डाउन होने पर मरीजों से वार्ता की। करीब 20 मरीजों ने बताया कि डॉक्टर ने आवश्यकता के आधार पर ब्लड जांच के लिए भेजा है। लेकिन उनके ब्लड जांच नहीं हो पाई है। उन्होंने इस संबंध में ब्लड जांच एजेंसी के उच्च अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर समाधान की मांग की है। **रोजाना ७० लोगों की होती है निशुल्क जांच:** सरकारी अस्पताल में रोजाना करीब 70 मरीजों की निशुल्क विभिन्न तरह की जांच की जाती है। चंदन डायग्नोस्टिक के उवैश खान नए बताया कि बुधवार को सर्वर डाउन होने के कारण खून जांच और रिपोर्ट निर्गत नही हो सकी है। उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध लापता



गदरपुर(उद संवाददाता)। घर से साईकिल से सकैनिया बाजार आया वृद्ध संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। वृद्ध की साईकिल बाजार के एक दुकानदार के यहां खड़ी मिली। चिंतित परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंपकर वृद्ध व्यक्ति की खोजबीन करने की गुहार लगाई है। ग्राम मझराझुन्नी निवासी 74 वर्षीय रामचन्द सोमवार की सुबह करीब आठ बजे साईकिल लेकर सकैनिया बाजार जाने के लिए घर से निकले थे। दोपहर बाद जब रामचन्द घर नहीं लौटे तो चिंतित परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू कर दी। सकैनिया बाजार में पता करने पर उनकी साईकिल सुरेश कुमार की दुकान पर खड़ी हुई मिली। सुरेश कुमार ने बताया रामचन्द साईकिल खड़ी करके चले गए थे, काफी समय बीत जाने के बाद भी वापस नहीं आए। रामचन्द के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से चिंतित उनके पुत्र केवल कृष्ण ने पुलिस को तहरीर सौंपकर खोजबीन करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# काम के रुपए मांगने पर कर दी पिटाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लाइट कार्य का ठेका लेने वाले एक व्यक्ति ने किए काम का पैसा मांगा तो उसकी कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। राहुल कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी कृष्णा कालोनी, ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि वह लाईट के काम का ठेका लेता है। 1 माह पूर्व उसको आजाद नगर ट्रांजिट कैम्प निवासी एक व्यक्ति ने अपने घर में लाईट फिटिंग का ठेका दिया। उसके मकान में आधी लाईट फिटिंग का काम फाइनल कर दिया। उसका आरोप है कि 5 जून को सुबह उक्त व्यक्ति के यहां पर काम करने के लिये गया तो वह बोलने लगा कि प्लंबिंग का भी काम करके दे।जिस पर उससे कहा कि लाईट फिटिंग की बात तय हुयी थी ये काम नहीं करूंगा। इसके बाद वह व्यक्ति व उसके साथी उसे गालियां देने लगे जब इसका विरोध किया तो वह उससे मारने पीटने लगे और उसके काम के औजार भी छीनकर अपने पास रख लिये।




# एसएम पब्लिक स्कूल में रोपे पौधे

सितारगंज(उद संवाददाता)।नगर के एसएम पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में पौंधारोपण किया गया ।विद्यालय के प्रबंधक भुवन चंद्र भट्ट द्वारा बताया गया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण करना चाहिए। जिससे कि पर्यावरण का संतुलन बना रहता है ।इस दौरान सभी से पर्यावरण संरक्षण करने की अपील की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मनिंदर सिंह गुलाटी, प्रेम बल्लभ जोशी, गुरप्रीत सिंह, हेमंत भट्ट, भुवन उपलब्ध रहे।



# संप्रेक्षण गृह में किया पौधारोपण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महिला कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन तथा संस्था के कर्मचारियों एवं किशोरों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। सभी किशोरों को एक एक वृक्ष की निगरानी की जिम्मेदारी भी दी गई । इस अवसर पर सहायक अधीक्षक राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर हरेंद्र लटवाल तथा संस्था के अन्य कर्मचारी तथा किशोर उपस्थित थे।



# गुरूद्वारा गोल मार्केट में गुरमति ज्ञान समर कैम्प शुरू

## बच्चों को सिखा रहे पंजाबी बोलना व गुरमुखी भाषा लिखना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा, गोल मार्केट में गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आज से दस दिवसीय गुरमति ज्ञान समर कैम्प का शुभारम्भ किया गया। जिसमें प्रतिभाग कर रहे कक्षा दो से आठवीं तक के करीब 200 बच्चे पंजाबी बोलने के साथ ही गुरमुखी भाषा लिखना भी सीख रहे हैं। कैम्प के दौरान बच्चों को सिख गुरूओं के इतिहास की जानकारी देने के साथ ही गतका व दस्तार बांधने का प्रशिक्षण भी सिखाया जायेगा। बच्चों को प्रतिदिन कैम्प में भाई गुरजीत सिंह, सरबजीत सिंह, अमरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, कंवलजीत कौर, रेशम सिंह, रंजीत सिंह, करनदीप सिंह, रविन्दर सिंह, कमलजीत कौर, मनमीत कौर, तलविन्दर कौर, सुरेखा छावड़ा,ओमकार सिंह, करन प्रीत सिंह द्वारा पंजाबी व गुरमुखी भाषा का ज्ञान देने के साथ ही सिख धर्म के गुरू साहिबान की जीवनी, शहीदों का इतिहास, सिख धर्म के मुगले सिद्धांत सहित कई महत्वपूर्ण बातों का ज्ञान कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कैम्प में बच्चों को दस्तार सजानी भी सिखाई जा रही है। इस मौके पर गुरूद्वारा पहुंचे बच्चों के अभिभावकों ने गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष गुरमति ज्ञान समर कैम्प आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कैम्प में शामिल बच्चों को इस उम्र में ही सिख धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी मिल जाती है। साथ ही बच्चों में अच्छे संस्कारों का भी समावेश होता है। उन्होंने आयोजकों के साथ ही बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे सभी प्रशिक्षिकों व प्रशिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। प्रबंधक कमेटी ने बताया कि गुरूद्वारा गोल मार्केट में पिछले कई वर्षों से गुरमत ज्ञान समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया आगामी 15 जून को समापन दिवस पर बच्चों का कम्पटीशन का आयोजन किया जायेगा। साथ ही कैम्प में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित भी किया जायेगा। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान



जसपाल सिंह भट्टी, सेकेट्री मनजीत सिंह मक्कड़, मीत प्रधान सतनाम सिंह हुंडल, प्रीतम सिंह चावला, मीत सेकेट्री परविन्दर सिंह पम्मा, मेडिकल इंचार्ज गुरमीत सिंह बठला, पूर्व प्रधान सुरमुख सिंह विर्क, कैशियर हरविन्दर सिंह, रशपाल सिंह, गुरमीत सिंह बठला, जसवीर सिंह मंड, गुरूद्वारा प्रबंधक कुलवंत सिंह, गुरवीर सिंह आदि मौजूद थे।

# भाजपा ने पांचों सीटों पर लगाई जीत की हैट्रिक

## हरिद्वार और गढ़वाल सीट से प्रत्याशी बदलने का प्रयोग हुआ सफल, रिकार्डतोड़ मतों से जीते सभी सांसद

देहरादून( उद ब्यूरो)। उत्तराखंड की पांचों सीटों पर भाजपा ने लगातार तीसरी बार जीत की हैट्रिक लगाकर विपक्षी दल कांग्रेस की सियासी जमीन को ध्वस्त कर दिया है। उत्तराखंड की गढ़वाल संसदीय सीट पर अनिल बलूनी ने बड़ी जीत हासिल की है। इस सीट पर उनका मुकाबला कांग्रेस गोदियाल से था। उत्तराखंड की पांचों सीटों में से पौड़ी गढ़वाल सीट ही सबसे हॉट सीट बनी हुई थी। दोनों के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा था, लेकिन आखिर में जनादेश अनिल बलूनी के पक्ष में गया। वह 1 लाख 63 हजार 503 मतों से विजयी हुए। इस सीट कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल में अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी, लेकिन स्थानीय मुद्दों को भुनाने में वह कामयाब नहीं हो पाए। नैनीताल सीट से अजय भट्ट को जीत हासिल हुई है। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को 772671 मत प्राप्त हुए जबकि कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी 438123 मत हासिल कर पाये। अल्मोड़ा- पिथौरागढ़ संसदीय सीट पर भाजपा के अजय टम्टा ने 429167 वोटों से जीत की हैट्रिक लगाई है। अल्मोड़ा संसदीय सीट पर कांग्रेस ने बीते दो चुनाव से लगातार जीत पाने के लिए जद्दोजहद कर रहे प्रदीप टम्टा को मैदान में उतारा था। लेकिन इस बार भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। टिहरी लोकसभा सीट पर राजशाही का तिलिस्म इस बार भी नहीं टूटा। भाजपा प्रत्याशी महारानी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने 18वीं लोकसभा के चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाई। उन्होंने 462603 मत हासिल कर कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला को करारी शिकस्त दी। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी पंवार ने भी दोनों ही पार्टियों को कांटे की टक्कर दी। हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के रण में कांग्रेस के युवा चेहरे वीरेंद्र रावत को हराकर पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जीत दर्ज की है। त्रिवेंद्र सिंह रावत को 653808 वोट मिले। वहीं उन्होंने 164056 के अंतर से जीत दर्ज की। उधर बेटे वीरेंद्र के चुनाव प्रचार के रथ के सारथी रहे हरीश रावत तमाम कोशिशों के बावजूद बेटे को जीत नहीं दिला पाए। गौरतलब है कि चुनाव की शुरुआत से ही भाजपा ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को साधने के लिए लाभार्थी सम्मेलन और लाभार्थी संपर्क अभियान के कार्यक्रम बनाए थे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने 10.50 लाख लाभार्थियों तक पहुंचने की कोशिश का लाभ भी मिला। पार्टी ने पीएम जनधन योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास, पीएम खाद्य सुरक्षा योजना, अटल आयुष्मान योजना, लखपति दीदी योजना समेत कई योजनाओं का प्रचार किया। भाजपा मानती है कि लोकसभा चुनाव में धामी सरकार का समान नागरिक संहिता कानून भी प्रदेश में भाजपा की जीत का आधार बना। धामी सरकार में लिए गए कुछ प्रमुख फैसलों से प्रभावित होकर मतदाताओं ने पार्टी के पक्ष में मतदान किया। पार्टी मतदाताओं के बीच जबरन धर्मांतरण कानून, दंगा रोधी कानून, नकल विरोधी कानून, महिला क्षैतिज आरक्षण कानून से जुड़े मुद्दों को लेकर पहुंची, जिसका उसे फायदा मिला। अपनी कुशल रणनीति से भाजपा ने अपनी जीत का आधार मजबूत करने के लिए चुनाव का रंग चढ़ने के साथ ही अपने ज्वाईनिंग अभियान में कांग्रेस, बसपा व अन्य विपक्षी दलों के 10 हजार से अधिक नेता भाजपा में शामिल कर अभियान के जरिये भाजपा ने कांग्रेस को झटके पर झटके दिए। गढ़वाल सीट पर कांग्रेस के इकलौते विधायक राजेंद्र भंडारी त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए। यह कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा झटका था। उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, देहरादून, नैनीताल जिले में पार्टी के 2022 के चुनाव में कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशियों ने भाजपा का दामन पकड़ लिया। भाजपा इस अभियान के जरिये कांग्रेस का मनोबल तोड़ने में कामयाब रही। चुनाव में माहौल बनाने के लिए भाजपा ने स्टार प्रचारकों को एक-एक करके मैदान में उतारना शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री ने रुद्रपुर और ऋषिकेश में चुनावी सभाएं कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाया। इतना ही नहीं राज्य में डबल इंजन की मोदी धामी सरकार की ताकत का एहसास कराने में सीएम पुष्कर सिंह धाामी भी मोर्चे पर डटे रहे। चुनावी प्रचार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ जैसे बड़े दिग्गजों को भी पार्टी ने चुनाव प्रचार में उतारा था। चुनाव में जहां भाजपा के स्टार प्रचारकों की धूम मची थी, कांग्रेस अपने दिग्गज नेताओं का इंतजार कर रही थी। सांगठनिक मोर्चे पर भाजपा की जीत में बूथ प्रबंधन की रणनीति का भी असर रहा। पार्टी ने प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं को तीन माह पूर्व ही मोर्चे पर भेज दिया। ये पूर्णकालिक अपने विधानसभा क्षेत्रों में संगठन नेताओं के साथ पार्टी के एजेंडे के अनुरूप सक्रियता से जुट गए। केंद्रीय नेतृत्व ने प्रचार के लिए जो कार्यक्रम दिए, उन्हें पूर्णकालिकों ने जमीन पर उतारने के प्रयास किए। पन्ना प्रमुखों से पार्टी ने घर-घर वोटरों को साधने की कोशिश की। हालांकि, मतदान प्रतिशत बढ़ाने का जो लक्ष्य पार्टी ने तय किया था, वह उस तक नहीं पहुंच सकी। पार्टी ने शक्ति केंद्रों और बूथ कमेटियों के माध्यम से प्रचार को प्रभावी बनाने की पूरी कोशिश की। भाजपा ने हरिद्वार और गढ़वाल लोस सीट से प्रत्याशी बदलने का जो दांव चला वह चल गया। दोनों सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। पार्टी ने आंतरिक सर्वे के आधार पर हरिद्वार से सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक और गढ़वाल से पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत की जगह त्रिवेंद्र सिंह रावत और अनिल बलूनी को मैदान में उतारा था। पार्टी के पास यह रिपोर्ट थी कि दोनों सीटों पर प्रत्याशी नहीं बदले तो उसे सत्तारोधी रुझान का सामना करना पड़ेगा। इससे बचने के लिए पार्टी प्रत्याशी बदलने का प्रयोग किया। पार्टी का यह प्रयोग सही साबित हुआ।

## प्रचंड जीत से धामी गदगद,सांसदों को दी बधाई



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में लगातार तीसरी बार भाजपा की प्रचंड जीत के बाद प्रदेश पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर नवनिर्वाचित भाजपा के सांसदों को जीत की बधाई दी। सीएम धामी के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह भी प्रदेश कार्यालय में मौजूद रही। इस दौरान भारी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में उत्तराखण्ड में सभी पांच सीटों पर कमल खिल रहे हैं। जिस प्रकार मोदी सरकार में सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की है। उसी का परिणाम है कि छक। को पूर्ण बहुमत प्राप्त हो रहा है। वहीं सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में पांचों सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत के लिए प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया। सीएम ने देश में एनडीए की ऐतिहासिक विजय पर पीएम नरेंद्र मोदी को जीत की हैट्रिक लगाने पर शुभकामनायें देते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों में अपार जनसमर्थन के लिए प्रदेश की देवतुल्य जनता का आभार व्यक्त करता हूं। इस जीत के अंतर को बढ़ाने के लिए हमारा संगठन आगे और कार्य करेगा। हम सभी उसके वाहक बनेंगे। आने वाले समय में निकाय, विधानसभा उपचुनाव और पंचायत के चुनाव होने हैं। हम सभी को इन चुनावों में जीत दर्ज करनी है। भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सांसद डॉ. नरेश बंसल ने लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर खुशी जताते हुए कहा, यह जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है। यह विकास की भ्रष्टाचार पर जीत है। जनता ने तीसरी बार उनके नेतृत्व में सरकार बनाने का मौका दिया है। वहीं, जनता ने उत्तराखंड में भाजपा के पक्ष जनादेश देकर एक बार फिर डबल इंजन की सरकार के काम पर मुहर लगाई है।









## प्रदीप टम्टा को हराकर भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने रचा नया कीर्तिमान

अल्मोड़ा। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर रुझान भाजपा के पक्ष आ चुके हैं। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा को हराया है। अजय टम्टा ने 429167 मत हासिल किए। वहीं, प्रदीप टम्टा को 195070 मतों पर ही संतोष करना पड़ा। अल्मोड़ा संसदीय सीट वर्ष 2009 में आरक्षित हुई। तब भाजपा ने अजय टम्टा और कांग्रेस ने प्रदीप टम्टा पर भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा। प्रदीप टम्टा ने भरोसे को कायम रखते हुए अजय टम्टा को 6950 मतों के अंतर से हराया। 2014 के अगले चुनाव में फिर से दोनों चिर परिचित प्रतिद्वंद्वी आमने-सामने थे, लेकिन इस बार अजय ने 95690 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर पिछली हार का बदला लिया। 2019 के चुनाव में दोनों के बीच फिर से मुकाबला हुआ और अजय ने 232986 रिकार्ड मतों से विजय हासिल कर दिल्ली का सफर तय किया। 2024 के चुनाव में फिर से दोनों दलों ने पुराने प्रतिद्वंद्वियों को मैदान में उतारा। इस बार प्रदीप टम्टा के पास हिसाब बराबर करने का मौका था, इससे वह चूक गए और अजय के विजय रथ को रोकने में कामयाब नहीं हो सके। अल्मोड़ा संसदीय सीट पर भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज की है और विपक्ष के दिग्गजों को उनके ही गढ़ में धराशायी किया है। लोकसभा सीट को फतेह करने का दंभ भरने वाले चारों जिले के विपक्षी दिग्गज अपने ही गढ़ में अपनी पार्टी को बढ़त दिलाने में नाकाम साबित हुए हैं। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ की दो-दो और चंपावत की एक विधानसभा पर काबिज कांग्रेस भाजपा से पार नहीं पा सकी है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि पिथौरागढ़ सीट पर भाजपा प्रत्याशी को 63.8 जबकि कांग्रेस को सिर्फ 31.5 प्रतिशत मत मिले। धारचूला सीट पर दिग्गज अपने प्रत्याशी को 32 प्रतिशत मत दिला सके जबकि भाजपा को यहां 62.8 प्रतिशत मत मिले। लोहाघाट सीट पर 66.5, कांग्रेस का 20 प्रतिशत लोगों ने साथ दिया। वहीं, अल्मोड़ा सीट पर भाजपा को 57.5, कांग्रेस को 36.3 प्रतिशत, द्वाराहाट सीट पर भाजपा को 67.5 जबकि कांग्रेस को 25 प्रतिशत मत मिले। अल्मोड़ा संसदीय सीट पर अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर और चंपावत जिले की 14 विधानसभा शामिल हैं। अल्मोड़ा, द्वाराहाट, पिथौरागढ़, धारचूला और लोहाघाट विस में कांग्रेस का कब्जा है। मतदान से पहले दोनों प्रमुख दलों ने इस सीट पर अपनी जीत के दावे किए थे, लेकिन परिणाम भाजपा के पक्ष में आया है और कांग्रेस को शिकस्त मिली है। आंकड़े बताते हैं कि इन सीटों का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस के रणबाकुंरे अपने ही घर में अपने प्रत्याशी को बढ़त दिलाने में कामयाब नहीं हो सके हैं और उनके घर में भाजपा ने मैदान मारा है। अल्मोड़ा विधानसभा में भाजपा को 27099, कांग्रेस को 17148, द्वाराहाट में भाजपा को 28463, कांग्रेस को 10312 , पिथौरागढ़ में भाजपा को 34336, कांग्रेस को 16862, धारचूला में भाजपा को 26512, कांग्रेस को 13415 और लोहाघाट में भाजपा को 36206, कांग्रेस को 10892 मत मिले। आंकड़ों से साफ है कि कांग्रेस के दिग्गज अपने गढ़ में पार्टी का हाथ मजबूत करने में कामयाब नहीं हो सके हैं। वर्ष 2014 में धारचूला उपचुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत ने रिकार्ड मतों से जीते थे। तब यहां के विधायक हरीश धामी ने इस सीट को कांग्रेस का गढ़ बताते हुए हरीश रावत के लिए सीट छोड़ी थी। भाजपा के बीडी जोशी को सिर्फ 10,608 मत मिले, जबकि हरीश रावत ने 31,207 वोट लाकर 20,599 के अंतर से बड़ी जीत दर्ज की थी।



# अजय भट्ट की ऐतिहासिक जीत पर खूब उड़ा अबीर गुलाल





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने अबीर गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया। गत दिवस आये चुनाव परिणाम में नैनीताल उधम सिंह लोकसभा सीट पर अजय भट्ट ने 334546 वोटों से जीत हासिल की। अजय भटट की इस ऐतिहासिक जीत पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने रुद्रपुर की जनता व कार्यकर्ताओ का आभार जताया उन्होंने कहा कि रूद्रपुर की जनता ने उत्तराखंड मे सर्वधिक जीत के अंतर वाली विधानसभा रुद्रपुर को बनाया है जहाँ से लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट की जीत का अंतर 65 हजार से अधिक रहा है। पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक की सबसे बड़ी जीत का अंतर रुद्रपुर विधानसभा मे देखने मे आया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि जिस प्रकार अजय भट्ट की जीत उत्तर भारत की टॉप 5 में सबसे बडी जीत है तो वही रुद्रपुर विधानसभा से भी जीत का अंतर उत्तर भारत की शीर्ष मे गिनी जायेगी। विधायक शिव अरोरा ने जनता जनार्दन का आभार जताया जिन्होंने अजय भट्ट की जीत को इतना विशाल बनाया। शानदार जीत पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के साथ कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस भी निकाला। इससे पहले भाजपाईयों ने अबीर गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया।

## पांचों सीटें जीतने पर भाजपाईयों ने निकाला जुलूस

खटीमा । भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड में पांचों लोकसभा सीट जीतने पर एवं लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर चौहान पेट्रोल पंप से मुख्य चौक तक जुलूस निकाला। आतिशबाजी की एवं मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि युवा मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व एवं विकास कार्यों का नतीजा है कि उत्तराखंड में पांचों लोकसभा सीट भारतीय जनता पार्टी ने भारी बहुमत से जीती है, उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में बनने जा रही है सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत की बलबूते भारतीय जनता पार्टी चुनाव में विजय हुई है। नगर अध्यक्ष जीवन धामी एवं नगर महामंत्री मनोज बाजवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जीत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत है। जुलूस निकालने एवं आतिशबाजी करने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी ,किशन सिंह किन्ना, मौनी पोखरिया, अशोक बत्रा, भवानी भंडारी, पवन अग्रवाल, सतीश भट्ट, नेता सक्सेना, कामिल खान, राशिद मिर्जा, अमरजीत सिंह ,नीलू गुप्ता, अनीता ज्वाला, अंजू देवी, जितेंद्र सिंह, सूरज धामी, कमल चौहान, राहुल सक्सेना, तारिक मलिक, सरफराज हुसैन, कृष्णपाल, विश्वनाथ यादव, संतोष गौरव, नवल वाल्मीकि, अमानत हुसैन, अनुपम सिंह, मनीष राणा, नरेंद्र स्वामी, सचिन रस्तोगी, प्रकाश आर्य, कस्तूरबानंद जोशी, अशोक दास, अमित चिलकोती, विवेक गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अमित जोशी ,अनमोल सोनकर, करण यादव, भुवन भट्ट, सूरज धामी, इंदिरा चंद, हाफिज रहमान, बाबू खान, जावेद रिजवी, अमानत हुसैन, अमर जीत सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## ओसेस सिटी फेज टू में किया पौधारोपण

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस पर रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने ओसेस सिटी फेज टू में पौधारोपण किया।स्थानीय लोगों ने इन पौधों के सरक्षण का संकल्प भी लिया। ओसेस सिटी के मंदिर परिसर में फाउंडेशन ने नीम, कनेर, बेल आदि के एक दर्जन से अधिक पौधे लगाए।फाउंडेशन अध्यक्ष विजय आहूजा ने बताया कि बढ़ते तापमान को कम करने के लिए भारत के अलावा पूरे विश्व में कई प्रयास किए जा रहे हैं। पर्यावरण की रक्षा से ही हमारी सुरक्षा है। इसीलिए सभी की जिम्मेदारी है कि अपने-अपने घरों में या कहीं भी पौधे जरूर लगाएं और पेड़ बनने तक उनकी रक्षा करें। उन्होंने कहा कि बिना सोचे समझे संसाधनों का दोहन किया जा रहा है। जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ने के कारण बाढ़, सूखा, सुनामी जैसी आपदाएं आ रही हैं। इस दौरान पी के मौर्य,मुनिंदर कुमार,आलोक जैन,दीपक अग्रवाल,महेश कुशवाह,सुनील आर्य,राजीव कामरा,अमित शर्मा,पंकज शर्मा,चंद्र कला राय,सुमन मिश्रा,रश्मि शर्मा,साधना शर्मा,मनन अग्रवाल,पिंकी तिवारी,सोनम सिंह,सुनीता, सरिता मिश्रा,सिद्धार्थ राय,नमन अग्रवाल,दीप्ति तिवारी,राशि सिंह आदि मौजूद थे।



## अक्षत ने नीट यूजी की परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर किया टॉप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। करायल चतुरसिंह निवासी अक्षत पंगरिया ने नीट यूजी की परीक्षा-2024 में ऑल इंडिया स्तर पर पहला स्थान प्राप्त कर हल्द्वानी क्षेत्र का नाम देश भर में रोशन किया है। अक्षत ने अपने पहले प्रयास में नीट की परीक्षा 99.99 प्रतिशत से पास कर यह उपलब्धि पाई है। उनकी इस कामयाबी से परिजनों में खुशी की लहर है। अक्षत ने आर्यमान विक्रम बिडला स्कूल से हाईस्कूल की परीक्षा 97 प्रतिशत और भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल, रुद्रपुर से इंटर की परीक्षा 96 प्रतिशत अंकों से पास की थी। 11 वीं की पढ़ाई के साथ ही अक्षत ने नीट की तैयारी के लिए कोचिंग शुरू कर दी थी। अक्षत को डॉक्टर बनने की प्रेरणा अपने पिता से मिली। अक्षत के पिता गोविंद बल्लभ पंगरिया सीएचसी किच्छा में चिकित्सक हैं और मां सोनू पंगरिया कुशल गृहिणी हैं। अक्षत की बड़ी बहन आकांक्षा पीएचडी की तैयारी कर रही हैं। अक्षत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिजनों और गुरुजनों को दिया है।



## स्टोन रिज को हराकर फाईनल में पहुंची डीपीएस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जेसीज स्कूल में 5 ए साइड अंतर्विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ऊधमसिंहनगर जिले के 14 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। पहला मैच जेसीज वर्सेज विजडम पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। जेसीज ने 3-0 के स्कोर से मैच जीत लिया। दूसरा मैच हीरावती स्कूल वर्सेज चेतन्या टैक्नो स्कूल के बीच खेला गया। हीरावती ने पेनल्टी शूटआउट से इस मैच को 5-4 से जीत लिया। तीसरा मैच डीपीएस रुद्रपुर वर्सेज 31वीं बटालियन पीएसी के मध्य खेला गया जिसमें डीपीएस ने 3-2 के स्कोर से मैच जीत लिया। चौथा मैच एच0पी0एस0 वर्सेस सेंट मैरी के बीच खेला गया। जिसमें एचपीएस ने 3-0 से मैच जीत लिया। पाँचवां मैच स्टोन रिज वर्सेस डीपीएस के बीच खेला गया। डीपीएस ने 2-0 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जेसीज पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सुधांशु पन्त थे। विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र सिंह रावत, वसंत शर्मा, राजेन्द्र पाण्डे, पुष्कर सिंह रावत, मोना सिंह रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि सभी बच्चे अधिक से अधिक खेलों में प्रतिभाग करें तथा अपनी प्रतिभा को निखारें। ताकि आप ही भविष्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। मेरा यह पूर्ण प्रयास रहेगा कि समय-समय पर आपको अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए ऐसे अनेक अवसर दिये जायेंगे। निर्णायक दल में अखिलेश मंडल, सूर्या जलाल, मानस, दिव्यम एवं दिव्यांशु डालाकोटी रहे।




## पर्यावरण दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर ।पर्यावरण दिवस पर नगर निगम एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से स्वच्छता अभियान एवं एक रैली अटरिया मोड़ से सिडकुल ढाल तक निकाली गई और उसके स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दोरान वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जब 2014 में लाल किला से शपथ ली थी और देश के अंदर स्वच्छता अभियान चलाने की बात की थी इसका असर आज देश के अंदर दिखता है आज हमारे बच्चे भी अपने कूड़े को बाहर नहीं फेंकने देते है। विकास शर्मा ने कहा कि हम सबको अपने जीवन के अंदर इस स्वच्छता अभियान को शामिल करना होगा तो ही हमारा देश स्वच्छ और सुंदर बन सकता है साथ ही उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हमें हमारे बुजुर्गों ने बड़े विशालकाय पेड़ छांव के लिए और फल के लिए दिए थे हमने उन पेड़ों को भी नहीं छोड़ा है और जिस प्रकार से लगातार तापमान बढ़ रहा है आने वाले समय में इसके परिणाम बहुत घातक होंगे। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई के बाद वह भी एक अभियान चलाएंगे जिसमें हमारे बुजुर्गों के नाम से हमारे बच्चों से वृक्षारोपण कराया जाएगा और उन वृक्षों की रिपोर्टिंग की जाएगी और इस रुद्रपुर को पुनः हरा-भरा बनाया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व मेयर रामपाल सिंह,मीना शर्मा,नगर आयुक्त शिप्रा जोशी राजू नबियाल मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज शर्मा अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग प्रकाश पांडेय डॉक्टर आशुतोष पंत डॉक्टर उप्रेती अशोक अग्रवाल निमित शर्मा राधेश शर्मा विजय तोमर चंदन सक्सेना नीलम कोली संजय ठुकराल अनिल शर्मा एवं समस्त पर्यावरण मित्र एनजीओ संगठन के लोग उपस्थित थे।






# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## लोकतंत्र का महासंग्राम

इस आम चुनाव के दौरान पक्ष और विपक्ष के गठबंधनों में जैसी गहमागहमी, जिस तरह के आरोप-प्रत्यारोप देखे गए, विपक्षी पार्टियों ने निर्वाचन आयोग पर पक्षपातपूर्ण रवैए के आरोप लगाए और मशीनों में मतों की गड़बड़ी की आशंका व्यक्त की गई, नतीजों ने उन सबको चौंका दिया है। लोकसभा चुनाव के नतीजों से स्पष्ट है कि जनता ने अपने विवेक से प्रतिनिधियों का चुनाव किया है। उन्होंने जाति, धर्म, संप्रदाय, मुफ्त की योजनाओं आदि के बहकावे में न आकर एक ऐसी सरकार के पक्ष में मतदान किया, जो उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने, देश की असल समस्याओं को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करे। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सत्तापक्ष के विरोध में कोई स्पष्ट लहर नहीं थी, मगर यह संकेत लगातार मिल रहा था कि जनता बदलाव चाहती है। विपक्षी दलों के गठबंधन ने जरूर देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी जैसे कुछ बुनियादी मुद्दे उठाए थे, मगर सत्तापक्ष ने उन्हें किनारे करने की हर संभव कोशिश की। वह लगातार भावनात्मक मसले उठाता रहा। पर लोगों ने चुप रह कर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इसका सबसे बड़ा प्रमाण उत्तर प्रदेश के नतीजे हैं। वहां अयोध्या में राममंदिर निर्माण को सत्तापक्ष अपनी बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश करता रहा, मगर वहां के लोगों ने उसे नकार दिया। यहां तक कि अयोध्या के भाजपा प्रत्याशी को भी अपना समर्थन नहीं दिया। चुनावों में हर राजनीतिक दल अपना गणित बिठाने की कोशिश करता है, जाति और धर्म का समीकरण इसमें बहुत मायने रखता है, पर इस बार वह समीकरण भी बहुत कारगर साबित नहीं हुआ। बेशक भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है, मगर जनादेश उसके खिलाफ ही कहा जा सकता है। वह अपने बल पर पूर्ण बहुमत की संख्या नहीं जुटा सकी। जबकि इस चुनाव में भाजपा ही सबसे साधन संपन्न पार्टी थी। उसने चुनाव पर जितना खर्च किया, उतना सारे दलों ने मिल कर भी शायद न किया हो। प्रचार-प्रसार में दूसरे दल उसके सामने फीके पड़ गए थे। संचार माध्यमों पर हर जगह उसकी मौजूदगी नजर आती थी। फिर भी अपने दम पर तीन सौ सत्तर और गठबंधन के स्तर पर चार सौ से पार सीटें जीतने का जो लक्ष्य लेकर वह चली थी, उसके आसपास पहुंचना भी उसके लिए मुश्किल हो गया। इस चुनाव में एक बार फिर क्षेत्रीय दल मजबूत होकर उभरे हैं। इससे भी साबित होता है कि लोगों के लिए निजी समस्याएं और स्थानीय मसले ज्यादा अहम थे। चुनाव के बाद हर राजनीतिक दल अपनी सफलता या विफलता की समीक्षा करता और उससे आगे के चुनावों के लिए सबक लेता है। वह सब होगा, पर महत्त्वपूर्ण यह है कि जनादेश को समझा जाए। यह केवल सीटों के बंटवारे में जाति-धर्म का समीकरण बिठाने और गठबंधन में पार्टियों के मतों के परस्पर जुड़ जाने का नतीजा भर नहीं है। इसमें सत्तापक्ष के प्रति लोगों की निराशा और उदासीनता भी ध्वनित होती है। मुफ्त के राशन और कुछ अन्य सुविधाएं लोगों में जीवन की बेहतरी का भरोसा नहीं जगा पाईं। इससे यह स्पष्ट हो गया कि सत्तापक्ष जिन सुविधाओं और आर्थिक तरक्की को अपनी उपलब्धियां बताता रहा, उन पर लोगों का विश्वास नहीं बन पाया। इसलिए अब जो भी सत्ता की बागडोर संभालेगा, उससे यही अपेक्षा रहेगी कि वह इस जनादेश के निहितार्थों को समझते हुए ही नीतियों और योजनाओं का निर्धारण करे।भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने पर संविधान बदल देने, चुनाव न कराने और पिछड़ों-दलितों का आरक्षण समाप्त कर देने के विपक्षी गठबंधन के आरोपों की काट निकालने में भाजपा असफल रही। विपक्षी गठबंधन की अहम जीत से राहुल गांधी का ग्राफ बड़ा है। भारत जोड़ो यात्राओं ने उनकी छवि बदली है। हालांकि नरेंद्र मोदी जैसा भरोसा हासिल करना उनके लिए अब भी चुनौती है। वे विपक्षी गठबंधन को राष्ट्रीय स्वरूप दे पाते और दो सौ से ज्यादा सीटों पर गठबंधन के दल आमने-सामने चुनाव लड़ते न दिखते, तो नतीजे और बेहतर हो सकते थे।

# संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने चलाया स्वच्छता अभियान

नैनीताल(उद संवाददाता)। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेशानुसार संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संयुक्त राष्ट्र की थीम 'बीट प्लास्टिक पोल्युशन' के विषय अनुरूप बुधवार को पर्वतीय पर्यटक स्थलों पर विशाल वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया । संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि मिशन वर्ष 2014 से ही संयुक्त राष्ट्र के 'युनाईटेड नेशन एनवाईरनमेंट प्रोग्राम' पर्यावरण कार्यक्रम की थीम पर 'विश्व पर्यावरण दिवस' आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में नैनीताल में भी एक विशाल स्वच्छता अभियान का आयोजन पूरे शहर भर में चलाया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि नैनीताल विधायक श्रीमती सरिता आर्या एवं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अतुल भंडारी व नैनीताल जोन के जोनल इंचार्ज सेवानिवृत्त कर्नल जसबिंदर सिंह , बरेली के जोनल इंचार्ज संजीव अग्रवाल व पीलीभीत के जोनल इंचार्ज प्रीतपाल सिंह ने सयुक्त रूप से किया।विधायक श्रीमती सरिता आर्या



मिशन की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहाँ कि यह मिशन मानव सेवा हेतु के लिए हमेशा अग्रसर रहा है और मैं ऐसे मिशन को अपना साधुवाद प्रकट करती हूं। संत निरंकारी मिशन नैनीताल जोन के जोनल इंचार्ज सेवानिवृत्त कर्नल जसबिंदर सिंह बताया कि इस स्वछता अभियान के लिए मिशन द्वारा शहर के कुछ विशेष स्थान चयनित किये गए है जिसमे नैनीताल फ्लैट मैदान, तल्ली ताल, मल्ली ताल, नैना मंदिर,स्नो व्यू पॉइंट ,सुखा ताल, राजभवन मार्ग आदि स्थानों कि मिशन के हजारों वालंटियर द्वारा साफाई करके लोगो को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का सन्देश दिया गया। शुरुवात में सभी स्वयंसेवक ने सम्मिलित होकर सर्वप्रथम निरंकार प्रभु से प्रार्थना की। मिशन के युवा स्वयंसेवक 'बीट प्लास्टिक पोल्युशन' की थीम पर नुक्कड़ नाटिकाओं की सुंदर प्रस्तुति करके लोगों को पर्यावरण संकट के प्रति जागरूक किया। सभी स्वयंसेवक तख्तियां एवं बैनर पर्यावरण संरक्षण के संदेशों का उपयोग करके मानव श्रृंखला बनाई गयी ।कार्यक्रम के अंत में संत निरंकारी मिशन नैनीताल जोन के जोनल इंचार्ज सेवानिवृत्त कर्नल जसबिंदर सिंह कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए ने नगर पालिका के सारे अधिकारी, नगर पुलिस प्रशासन के सारे अधिकारी , डी० एस० ए० ग्राउंड के अधिकारी व डी० एस० ए० पार्किंग के अधिकारी व निरंकारी सेवा दल के भाई बहनो, वोलंटियर, नैनीताल, रामनगर, बाजपुर, काशीपुर, रुद्रपुर, बरेली, पीलीभीत,खटीमा, बहेड़ी, हल्द्वानी के साध संगतों के मेम्बरों का कर्यक्रम में पहुंचकर और शहर को सवच्छ करके कार्यक्रम को सफल बनाने का तहे दिल से आभार प्रकट किया।

# पौधरोपण कर पर्यावरण की रक्षा का लिया संकल्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण प्रेमियों ने पौधारोपण किया और पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्प लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ओमेक्स समिति के गंगेश पार्क में तमाम लोगों ने पौधारोपण किया और पर्यावरण को बचाए रखने का आवाहन किया ।भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कहा कि जिस प्रकार से भीषण गर्मी का खतरा लगातार मंडरा रहा है ऐसे में सभी लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होना होगा और जगह-जगह अपनी सुविधा के अनुसार पौधा रोपण करना होगा क्योंकि पेड़ पौधे ही प्रकृति के रक्षक हैं, जो मानव को जीवन दान देते हैं ऐसे में सभी लोग प्रकृति के साथ जुड़े और किसी भी तरह से प्रकृति से खिलवाड़ ना करें । उन्होंने कहा कि



हरेला पर्व पर भी पूरे महानगर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा ।इसका संकल्प सभी लोगों ने लिया है। विश्व पर्यावरण दिवस पर एक दर्जन से अधिक पौधारोपण किया गया। जिसमें अशोक नीम व अन्य पौधों का रोपण किया गया। जिसमें सभी लोगों ने अपना सहयोग दिया। चुघ ने कहा कि यह अभियान पिछले पांच सालों से चलाया जा रहा है।समिति के योगेश लांबा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से पर्यावरण की रक्षा के लिए समिति की तरफ से पौधा रोपण किया जाता है जो आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर डेढ़ वर्षीय बालिका सुखदा गिरधर ने भी अपने हाथों से पौधारोपण किया और उसके पश्चात उसे पौधे में जल संचित किया ।इस अवसर पर जितेंद्र साहनी ,नव्या चुघ, राजेंद्र गिरधर, गौरव ग्रोवर, रजत मोंगिया, विशाल जुनेजा, भुवन पांडे ,रवि, विशेष कुमार , रिंटू बंसल ,नरेश कुमार, पुनीत आनंद,विहान लांबा, सार्थक गोड, कृष्ण भारद्वाज, अमित बंसल, विनीत सिंह, सुमित सिंह, नरेश कुमार, विक्की, विशाल आदि मौजूद थे।

# मंदिर के सेवक पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: डीडी चौक पर स्थित झाड़ी वाले बाबा मंदिर के आगे पानी छिड़क रहे सेवक पर एक व्यक्ति ने डंडे से हमला कर उसे गंभीर



रूप से घायल कर दिया। सेवक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां उसके सिर पर कई टांके लगाये गये। बताया जाता है कि रम्पुरा निवासी 50 वर्षीय हेमराज कोली पुत्र जगदीश कोली आज प्रात: डीडी चौक पर स्थित झाड़ी वाले बाबा मंदिर के आगे पानी छिड़क रहा था। इसी दौरान एक व्यक्ति उससे झगड़ा करने लगा और उसके सिर पर डंडे से वार कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद हमलावर मौके से भाग निकला। हेमराज को लहूलुहान हालत में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसके सिर पर कई टांके लगाये गये।

# संत कबीर आश्रम पार्क में किया पौधारोपण

रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने रुद्रपुर कोतवाली के सामने संत कबीर आश्रम पार्क में पौधारोपण किया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेवारी है। अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही हम पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। आपदाओं को रोकने का एकमात्र



विकल्प पौधारोपण है। इस दौरान हिम्मतराम कोली,नत्थूलाल कोली,त्रिलोकी कोली,सुरेश कोली,राजू गुप्ता,रुद्रा सिंह,बंटी कोली,ललित बिष्ट,विशाल मेहरा,पवन कोली,राजू कोली,धर्मेन्द्र कोली,दिवाकर कोली,अर्जुन कोली,रामचन्द्र कोली ,कुंमरपाल कोली,मुकेश कोली टिंकू कोली, विशाल कोली मोनू चीमा उमेश कोली वीरेंद्र कोली ,चंद्रपाल कोली ,सूरज कोली,पप्पू कोली,कर्ष कोली आदि मौजूद थे।

# बहुगुणा ने निशुल्क पौधे किए वितरित

सितारगंज( उद संवाददाता)। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने पौधे वितरित किए। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए पेड़ पौंधों का अहम महत्व है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा , विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुखदेव सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को निशुल्क विभिन्न प्रजाति के छायादार, फलदार पेड़ के पोंधे वितरण किए। इस



मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सलूजा, शिवपाल चौहान, अमित रस्तोगी , अरविंद चौरसिया, आनंद बल्लाध भट्ट, सतीश उपाध्याय, सत्येंद्र दिवाकर , दीपक गुप्ता, नितिन अरोरा, सूरज खान गुड्डू , शाहनवाज हुसैन मौजूद रहे।

# पांडे ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया जीत का जश्न



गदरपुर( उद संवाददाता)। नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से अजय भट्ट की प्रचंड जीत के बाद क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने गदरपुर में कार्यकर्ताओं के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई । इस दौरान वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अशोक हुड़िया के निवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक अरविंद पांडे ने नैनीताल लोकसभा सीट में गदरपुर विधानसभा के मतदाताओं के द्वारा अजय भट्ट को विजय दिलाने पर विधानसभा के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा नैनीताल लोकसभा सीट पर 334548 मतों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने जीत हासिल की है जो कि उत्तराखंड प्रदेश से सभी पांच सीटों में सर्वाधिक है उन्होंने कार्यकर्ताओं की मेहनत पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा एवं उनकी लगन को आम चुनावो के सफलतम परिणाम का कारण बताया है उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार सरकार बनाने जा रहे हैं । कांग्रेस पार्टी समूचे विपक्ष के साथ मिलकर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बाल बांका नहीं कर पाई । इस दौरान अशोक हुड़िया,राजेश गुंबर मिन्नी, अनादि रंजन मंडल,लवली हुड़िया, राकेश भुड्डी (बंटी), दीपक गर्ग, रजत हुड़िया, सचिन बत्रा आदि शामिल रहे।

# जिला न्यायालय परिसर में किया पौधा रोपण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस पर आज जिला न्यायालय परिसर में माननीय न्यायधीश गणों व अधिवक्ताओं द्वारा पौधा रोपण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सचिन कुमार पाठक ने बताया कि आज प्रात: 7 से 8:30 बजे विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में जिला न्यायालय मुख्यालय रूद्रपुर परिसर में जिला जज सिकंद कुमार त्यागी की अध्यक्षता में व जिला बार एसोसिएशन उधम सिंह नगर के अध्यक्ष दिवाकर पांडे की संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता, श्रमदान तथा वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। पर्यावरण संरक्षण पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार मे आयोजित संगोष्ठी में जिला जज एवम बार के अध्यक्ष के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर



एडीजे मीना देऊपा, अश्वनी गौड़, मुकेश कुमार व अन्य न्यायिक अधिकारीगण में शिखा भंडारी, शंभू, किशोर न्यायलय सेन्यायिक अधिकारी शमा परवीन, जिला बार सचिव सर्वेश सिंह, पूर्व सचिव कुंवर सिंह, अभय कुलश्रेष्ठ, कृष्ण चंद, नवीन ठुकराल, अमित छावड़ा, विकास तिवारी, आशीष त्रिपाठी, अखिलेश कुशवाह, संजीत बड़ई, प्रकाश चंदोला, विक्रम सिंह एवम कर्मचारीगण में आशीष श्रीवास्तव, आमोद पांडेय, भगवान सिंह, डीएस मेहरा, टीवीएस के प्लांट हेड विक्रम राणा अन्य ऑफिशियल स्टाफ भुवन तिवारी, अरविंद नेगी इत्यादि उपस्थित रहे।

# अजय भट्ट ने रिकार्डतोड़ जीत से लहराया परचम

## अजय भट्ट ने 772671 वोट हासिल कर 334548 वोटों से अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को हराया

रूद्रपुर। नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने 772671 मत हासिल कर सबसे बड़ी रिकार्डतोड़ जीत दर्ज की है। अजय भट्ट ने 772671 वोट हासिल कर 334548 वोटों से अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को करारी शिकस्त देकर उत्तराखण्ड में सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड अपने नाम किया है। श्री भट्ट 2019 में भी रिकार्ड मत प्राप्त कर सांसद बने थे। श्री भट्ट ने 2024 में भी यह खिताब अपने नाम रखा है। वहीं भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने 462603 मत हासिल कर 272493 वोटों से अपने प्रत्द्वंदी को हराया है। भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने 653608 वोट हासिल कर 164056 वोटों से कांग्रेस प्रत्याशी को करारी शिकस्त दी है। भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने 432159 मत हासलि कर 163503 मतों से अपने प्रत्द्वंदी गणेश गोदियाल को पराजित किया है। भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने 462603 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंदी प्रदीप टम्टा को 234097 मतो से पराजित किया है। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट पर मतदाताओं ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को अपना सांसद चुना है। इस सीट



पर अजय भट्ट के अलावा कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी, बसपा के अख्तर अली, यूकेडी के शिव सिंह समेत दस उम्मीदवार मैदान में थे। अजय भट्ट का जीवन बेहद संघर्षो से भरा रहा। वे भी कभी आजीविका के लिए चाय बेचते थे, दूनागिरी मंदिर में चूड़ी बिंदी सहित कभी सब्जी की दुकान चलाते थे। काम उम्र में पिता के निधन के बाद पारिवारिक जिम्मेदारी के चलते उन्होंने ये सब किया लेकिन समाज सेवा का जज्बा उन्हें राजनीति में ले आया। 1985 में वे भाजयुमो से जुड़े और राज्य आंदोलन में भी सक्रिय रहे। 1996 से 2007 तक वे विधायक रहे। बाद में भाजपा के अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष भी रहे। 2017 में जब उन्हें मुख्यमंत्री बनाए जाने की पूरी संभावना थी तभी वे चुनाव हार गए और सीएम बनने से चूक गए लेकिन उनकी संगठन में सक्रियता और जनता पर पकड़ को देखते हुए भाजपा ने 2019 में लोकसभा का टिकट दिया और वे दिग्गज नेता हरीश रावत को रिकॉर्ड 339096 मतों से पराजित कर सांसद बने। 7 जुलाई 2021 को उन्हें पर्यटन और रक्षा राज्य मंत्री का दायित्व दिया गया। अजय भट्ट को बतौर मंत्री केवल ढाई वर्ष का कार्यकाल मिला। लेकिन इस अवधि में और पूर्व में बतौर सांसद उन्होंने जमरानी बांध की स्वीकृति, काठगोदाम नैनीताल रोपवे, सात सौ करोड़ से हल्द्वानी नैनीताल मार्ग को डबल लेन बनवाने, रामगढ़ में विश्व भारती केंद्रीय विवि कैंपस की स्वीकृति के अलावा नैनीताल, भवाली में पार्किंग, सुशीला तिवारी अस्पताल में कैथ लैब, काठगोदाम अमृतसर ट्रेन, हल्द्वानी में केरल की तर्ज पर आयुर्वेदिक अस्पताल, दो सौ करोड़ से बलियानाले के उपचार, खैरना पुल निर्माण, कुमाऊं में एम्स के सैटेलाइट सेंटर, हर घर नल योजना सहित दर्जनों कार्यों को स्वीकृत और प्रारंभ करवाया। उनके सांसद प्रतिनिधि के रूप में गोपाल रावत ने भी सभी कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ऊधमसिंहनगर जिले के मौजूदा विधायक भी अपने क्षेत्र से नहीं जिता पाये कांग्रेस प्रत्याशी को


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को ऊधमसिंहनगर जिले में अपने ही विधायकों की चार विधानसभा क्षेत्रों से करारी हार का सामना करना पड़ा। जसपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक आदेश चौहान इसके अपवाद रहे और उन्होंने अपनी विधानसभा जसपुर से कांग्रेस प्रत्याशी श्री जोशी को बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऊधमसिंहनगर जिले की नौ विधानसभा में मौजूदा समय में कांग्रेस के पाचं विधायक है जिसमें बाजपुर के विधायक यशपाल आर्य नेता प्रतिपक्ष और खटीमा के विधायक भुवन कापड़ी उपनेता का पद संभाल रहे है। इसके बावजूद पांच विधानसभा क्षेत्रों में से चार विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को मुंह की खानी पड़ी। केवल जसपुर विधानसभा क्षेत्र से श्री जोशी को भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट से अधिक मत प्राप्त हुये। जसपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी को भाजपा प्रत्याशी अजय भट्इ से 3268 वोट अधिक प्राप्त हुये। बाजपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य की विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी 6111 मतों से पराजित हुये। खटीमा विधानसभा क्षेत्र से विधायक और उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी के क्षेत्र से 24907 वोटो से कांग्रेस प्रत्याशी को हार का मुंह देखना पड़ा। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा और महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा के गृह क्षेत्र रूद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस



प्रत्याशी को तो काफी बढ़े अंतर से मुंह की खानी पड़ी। श्री जोशी रूद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से रिकार्ड मतों 63864 से पराजित हुये। किच्छा विधानसभा से कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ के क्षेत्र से 8006, नानकमत्ता विधानसभा के कांग्रेस विधायक गोपाल सिंह राणा के क्षेत्र से 14129 वोटों से कांग्रेस प्रत्याशी को हार मिली।

# चक्रव्यूह में फंसे वीरेंद्र: त्रिवेंद्र और बलूनी बने नये सरताज

देहरादून/हरिद्वार/पौड़ी। हरिद्वार संसदीय सीट से पहली बार चुनाव रण में उतरे बेटे वीरेंद्र रावत की हार पिता पूर्व सीएम हरीश रावत के गले का हार बन गई। भाजपा के अनुभवी नेता एवं पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत के चुनावी चक्रव्यूह



को वीरेंद्र भेद नहीं पाए। चुनाव मैदान छोड़कर हरीश रावत ने बेटे को टिकट दिलाने के लिए पूरी ताकत लगाई थी। उनकी हठ के आगे कांग्रेस हाईकमान को झुकना पड़ा और वीरेंद्र पर दांव लगाया। चुनाव लोस का रहा या विधानसभा का, कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत चुनावी पिच पर बल्लेबाजी करने में कभी पीछे नहीं रहे। हर चुनाव में उन्होंने ताल ठोकी। बेशक इस लोकसभा चुनाव में उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए चुनाव न लड़ने का एलान किया, लेकिन बेटे को टिकट देने की वकालत करने से वह पीछे नहीं रह पाए। भाजपा ने इसे पुत्रमोह के तौर पर प्रचारित भी किया।बात यह है कि चुनाव का एलान से पहले ही कांग्रेस हरीश रावत को हरिद्वार सीट से अपने मजबूत प्रत्याशी के रूप में देख रही थी, लेकिन वह चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हुए और बेटे को टिकट दिलाया। इसके बाद यही माना गया कि बेशक वीरेंद्र चुनाव मैदान में है, लेकिन इम्तहान हरीश रावत का होगा और नतीजा भी उन्हीं का खुलेगा। बेटे का टिकट तय होने के बाद हरीश भी हरिद्वार नहीं छोड़ पाए। बेटे के चुनावी रथ पर सवार पिता ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन चुनावी रण में भाजपा के अनुभवी त्रिवेंद्र सिंह रावत के चक्रव्यूह में वीरेंद्र फंस गए। राजनीतिक विशेषज्ञ बेटे की हार को हरीश रावत की हार मान रहे हैं।हरीश रावत 2017 के विधानसभा चुनाव में हरिद्वार ग्रामीण से चुनाव हार गए थे। 2022 में उन्होंने इस विधानसभा सीट पर पहली बार बेटी अनुपमा रावत को कांग्रेस का टिकट दिलाया। अनुपमा चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचीं, लेकिन बेटे वीरेंद्र रावत पर हरीश रावत का दांव कामयाब नहीं रहा। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने 1980 में पहला लोकसभा चुनाव अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र से लड़ा।





इसके बाद 1984 और 1989 के लोस चुनाव में जीत हासिल की। 2009 में हरिद्वार लोस चुनाव से सांसद चुने गए। **सीएम की कुर्सी छोड़ने के बाद भी त्रिवेंद्र की धूम:** सक्रिय राजनीति से तीन साल का वनवास खत्म होने के बाद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जीत के साथ वापसी की है। मुख्यमंत्री की कुर्सी जाने के बाद से त्रिवेंद्र को कोई जिम्मेदारी नहीं मिली थी। इस बार संगठन ने उन पर भरोसा जताया तो त्रिवेंद्र ने दिखा दिया कि मैदान में उनकी धमक कायम है। त्रिवेंद्र की इस जीत को उनके राजनीतिक कॅरियर में एक नई दिशा मिलने के तौर पर देखा जा रहा है। इस बार लोकसभा चुनाव में पार्टी ने अपने सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक का टिकट काटकर हरिद्वार लोस सीट पर जीत की जिम्मेदारी त्रिवेंद्र को सौंपी। त्रिवेंद्र ने भी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ा। जीत के तौर पर नतीजा सामने है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि त्रिवेंद्र की इस जीत के कई मायने हैं। केंद्र में सरकार बनने की सूरत में त्रिवेंद्र समर्थक किसी बड़ी जिम्मेदारी की भी अपेक्षा कर रहे हैं। 2002 में डोईवाला से विधानसभा चुनाव जीतकर त्रिवेंद्र सक्रिय राजनीति में आए। इसके बाद 2007 के विधानसभा चुनाव में भी डोईवाला विधानसभा से चुनाव जीतकर मंत्री बने। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव रहे। झारखंड और यूपी के सह प्रभारी रहे। 17 मार्च 2017 को त्रिवेंद्र सिंह रावत उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बने और मार्च 2021 में उन्होंने पद से इस्तीफा दिया था। इसके बाद से लगातार वह सक्रिय राजनीति से दूर थे। **टिहरी की महारानी ने जीत का वर्चस्व रखा बरकरार :** टिहरी लोकसभा सीट पर राज परिवार का वर्चस्व रहा है। कुछ चुनाव को छोड़कर 1951 से अब तक हुए चुनाव में इस सीट पर मतदाताओं की पसंद राज परिवार रहा है। जिस दल को राज परिवार का साथ मिला, उसी दल को जीत मिलती रही। पूर्व में टिहरी सीट कांग्रेस का गढ़ रही, लेकिन पूर्व सांसद मानवेंद्र शाह के भाजपा में शामिल होने के बाद इस सीट पर भगवा लहराता रहा। हालांकि, 2009 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर विजय बहुगुणा ने चुनाव जीता था। भाजपा ने महिला प्रत्याशी के रूप में तीन बार की सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा, लेकिन चुनावी चौसर में प्यादों ने मोर्चा संभाल कर जीत दिलाई। पहली बार महारानी ने इस सीट पर 2012 में उपचुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसके बाद 2014 व 2019 और 2024 के आम चुनाव में जीत हैट्रिक लगाई है। साथ ही राज परिवार का वर्चस्व भी बरकरार रखा है। **पहली बार में ही अनिल बलूनी बने पौड़ी के नये सरताज :** उत्तराखंड की गढ़वाल संसदीय सीट पर उजड़ी सल्तनत को संवारने और अजेय दुर्ग पर भगवा बुलंद रखने के बीच जो जंग थी उसे भाजपा ने फिर जीत लिया। वह एक लाख 63 हजार 503 मतों से विजयी हुए। इस जंग में बेशक 13 उम्मीदवारों ने ताल ठोकी थी, लेकिन मुख्य मुकाबला कांग्रेस के गणेश गोदियाल और भाजपा के अनिल बलूनी के बीच ही होता दिखा। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने कहा कि मैं गढ़वाल के सम्मानित मतदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। अब पसीना बहाने की बारी मेरी है। मैंने गढ़वाल लोस क्षेत्र के विकास के लिए जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा करने के लिए मैं जुट जाऊंगा। मैं पौड़ी गढ़वाल को देश की नंबर सीट बनाने के लिए पूरी कोशिश करुंगा।

## पेज एक का शेष...

**मोदी कैबिनेट ने की...** द्वारा सदन में बहुमत हासिल करने के बाद संभावित सरकार गठन के मुद्दे पर चर्चा हई। बैठक सुबह 11.30 बजे प्रधानमंत्री आवास पर शुरू हुई। इस बैठक के बाद मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की यह आखिरी बैठक है। बता दें लोकसभा चुनाव में 240 सीटों पर भाजपा और 99 सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली है। भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 292 और कांग्रेस नीत विपक्षी गठबंधन को 234 सीटें मिली हैं। नतीजों से स्पष्ट है कि देश में अगली सरकार गठबंधन की होगी। खासकर भाजपा को जदयू और तेदेपा का समर्थन जरूरी होगा। विपक्षी गठबंधन भी जदयू और तेदेपा को अपने पाले में खींचने की कोशिश कर सकता है। हालांकि दोनों ही पार्टियों ने साफ कर दिया है कि वह एनडीए को गठबंधन देंगे, लेकिन इसके बावजूद विपक्षी गठबंधन अपनी कोशिशों में जुटा है।

**आठ जून को हो सकता...**जो लगातार तीसरी बार चुनाव जीते और देश के पीएम बने। इससे पहले यह रिकॉर्ड जवाहर लाल नेहरू के नाम पर है। दिल्ली में आज शाम 4 बजे एनडीए की बैठक बुलाई गई है। इसमें जदयू प्रमुख नीतीश कुमार, टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू समेत अन्य नेता शामिल होंगे। एनडीए के सहयोगियों से बातचीत के बाद बीजेपी संसदीय बोर्ड की बैठक होगी। इसमें सरकार के गठन और शपथ ग्रहण की रूपरेखा पर चर्चा होगी। जदयू प्रमुख नीतीश कुमार बुधवार सुबह दिल्ली पहुंच गए हैं। चंद्रबाबू नायडू भी दोपहर बाद दिल्ली पहुंच सकते हैं।

**सहस्त्रताल में पांच और...**ही सहस्त्रताल ट्रेक रुट पर फंसे ट्रैकर्स को निकालने के लिए वायु सेवा के द्वारा भी सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। जिला अस्पताल उत्तरकाशी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटवाड़ी को अलर्ट पर रखा गया है। आईटीबीपी मातली से भी 14 रेस्क्यूअर्स और एक डॉक्टर को भेजा गया है। एनआईएम से भी बैक अप टीम रवाना की गई है। रेस्क्यू अभियान को लेकर जिले का आपदा कंट्रोल रूम मंगलवार शाम से ही निरंतर सक्रिय है। कंट्रोल रूम को मिली जानकारी के अनुसार टिहरी जिला प्रशासन द्वारा भी हेली रेस्क्यू के लिए अरदंगी हैलीपेड को अलर्ट मोड पर रखा गया है। जहां पर एंबुलेंस टीम, लोनिवि व पुलिस की टीम तैनात की गई है। खोज बचाव के लिए टिहरी से भी वन विभाग, एसडीआरएफ पुलिस व स्थानीय लोगों की टीम रवाना की जा रही हैं, जोकि घनसाली के पिंस्वाड से पैदल रवाना होगी।

**पर्यावरण दिवस पर...** ने कहा, हम सभी को अपने दैनिक जीवन में जीरो वेस्ट की अवधारणा को अपनाना चाहिए और प्लास्टिक के उपयोग को कम से कम करना चाहिए। साथ ही समूह की प्रतिनिधि व ब्रांड एम्बेसडर नीलम कोहली ने बताया हमारा उद्देश्य इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। रैली के माध्यम से जनता को जागरूक किया गया, वहीं जीरो वेस्ट इवेंट के माध्यम से प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और रियूजेबल कटलरी उपयोग करने की आदत डालने का संदेश दिया गया। निवर्तमान महापौर रामपाल सिंह ने इस पहल की सराहना की और सभी नागरिकों से स्वच्छता और हरितता के लिए मिलकर काम करने की अपील की। कार्यक्रमों में उपायुक्त शिप्रा जोशी, सहायक आयुक्त राजू नबियाल, साथ ही समूह के प्रतिनिधि अनिल शर्मा, नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर नीलम कोहली और उनकी टीम के साथ ही रोटरी क्लब के सदस्य भी सक्रिय रूप से शामिल हुए, जिनमें रोटेरियन क्लब के ओ.पी. सिंघल, सुमित बेहल, गौरी गगनेजा, और अनिल अग्रवाल अन्य गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में शामिल हुए।

**ट्रैक्टर ट्राली ...**परिचालक मनीष मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायलों का उपचार किया। सूचना मिलते ही मृतक परिचालक के परिजन भी आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। चालक महेश को रेफर किया गया। परिचालक मनीष मिश्रा की मौत से रोडवेज कर्मचारियों में शोक की लहर है घटना की सूचना मिलने पर एआरएम हल्द्वानी सुरेंद्र बिष्ट सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों को ढाढस बंधाया और घायल चालक सहित यात्रियों का हाल चाल जाना।

## पर्यावरण दिवस विशेष

ए मानव क्या सीखा तुमने
क्या कह जाती है प्रकृति,
कितनी सुंदर और ममत्व
हरदम सिखाती प्रकृति,रौनके पहाड़ो की
अद्‌भुत ज्ञान दे जाती है,
रखो अटूट सामर्थ्य और हिम्मत
अथाह सफलता जिसका छोर है।
कहते तरुवर विशाल से
छाया देते पिता समान
रक्षक है प्रकृति के,दे रहे दान का ज्ञान।
कलकल करती बहती नदियां
हर पल कुछ कह जाती हैं
रखो व्यवहार निर्मल और शीतल
नदियां तो प्रकृति की बेटियां।
इस प्रकृति की अनेक संतान
पृथ्वी जिससे अस्तित्वमान,
मत करो इसका ह्रास
ये तो हर पल देती दान
सुखद प्रकृति से जनजीवन खुशहाल
वृक्ष के बिना धरती बदहाल,
जड़ी बूटियां और औषध,
सब है प्रकृति की अद्‌भुत उपहार।
आओ एक चलाये अभियान,
नहीं होने देंगे और पेड़ कटान,
जनजीवन की सुरक्षा हेतु,
पर्यावरण का रखेंगे ध्यान।
जल और वायु प्राण दाता,
इनके बिना जीवन बदहाल
सुरक्षित कर लो जल का अस्तित्व
सुरक्षित जल से जीवन अनमोल।
स्वच्छ पर्यावरण ही जीवनदान
आज से ही कर लो प्रण
प्रकृति को नहीं पहुंचायेंगे नुकसान।

**-निकेता पाहुजा,रुद्रपुर**

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जगह जगह पेड़ पौधे लगाकर मनाया पर्यावरण दिवस

## जनता इण्टर कॉलेज में छात्र छात्राओं ने पौधरोपण कर मनाया पर्यावरण दिवस



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस है पूरा विश्व पर्यावरण दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जनता इण्टर कॉलेज रूद्रपुर एवं जनता बालिका इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय कैंपस में पौधा रोपित कर समाज को हरियाली का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ० सतीश कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में हमारे पर्यावरण को औद्योगिक विकास और अन्य कारणों से बहुत प्रकार के संकटों का सामना करना पड़ रहा है। पर्यावरण ही नहीं बल्कि मानव जाति को बचाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण बहुत आवश्यक है। वृक्ष ही हमें जीवन देते हैं और हमारा जीवन बचाने का दायित्व भी वृक्षों पर ही है। यदि हम पृथ्वी पर जीवन बचाना चाहते हैं तो हमें अधिक से अधिक वृक्ष लागने होंगे। विद्यालय में पहले भी लगभग 1500 पौधे लगाए गए हैं और यह हमारे क्षेत्र का सबसे हरा भरा कैंपस है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के पश्चात सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं को अधिक से अधिक वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, अमित कपूर, रंजीत राज, संजीत चक्रवर्ती, देव्रथ वर्मा, अनिल कन्नौजिया, गोविन्द, तजेन्द्र सिंह, अमित, देवेन्द्र पटेल, निधि, वर्षा, माया राज, रेनू, गीता उराव, ज्योति सिंह, कल्पना, हर्षित, सबीना, ममता पाल, महिमाजीत कौर, नीतू चिकारा आदि अध्यापक-अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

## वीरंगना ग्रुप ने किया पौधारोपण



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आज वीरांगना ग्रुप द्वारा नगर के इंद्रा चौक व मुक्तिधाम परिसर में पौधारोपण किया गया। ग्रुप की अध्यक्षा रेनू अरोरा ने कहा कि रोपे गये पौधों की पूरी परवरिश भी की जायेगी। उन्होंने कहा कि ग्रुप द्वारा शीघ्र ही रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। इस दौरान उर्वशी गाबा, आरती गक्खर, स्वाती कक्कड़, पूर्वी गुप्ता, अंशुल बांगा, रचना ड़ंग, साक्षी अबरोल, रोजी मल्होत्रा, रोशी कक्कड़, प्रीती सलूजा, सोनिया अरोरा, कृतिका बठला, नीरू अरोरा आदि मौजूद थे।

## पौधारोपण कर स्व.अक्षत गुप्ता को श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय ट्रांजिट कैंप में



बच्चो, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्यालय प्रांगण में कई तरह के पौधे लगाए। साथ ही पूर्व जिलाधिकारी स्वर्गीय अक्षत गुप्ता की पुण्य तिथि पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि दी। प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे ने बताया कि मिशन आगाज के संस्थापक तत्कालीन जिलाधिकारी अक्षत गुप्ता असमय आज के ही दिन दुनिया से विदा लेकर चले गए थे । उनका सपना था कि जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा से अछूता न रहे, अत: उन्होंने मलिन बस्ती में रहने वाले तथा कूड़ा बिनने वाले बच्चों के लिए मिशन आगाज की स्थापना की थी जिसके तहत आज भी बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। प्रति वर्ष ऐसे बच्चो को चिह्नित कर विद्यालयों में दाखिला दिलाया जाता है। आज उनकी स्मृति में बच्चो ने वृक्षारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा वृक्षों के संरक्षण के लिए संकल्प भी लिया। इस अवसर पर शिक्षक, बच्चे तथा उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## पर्यावरण दिवस पर आर्मी केंट में रोपे फलदार पौधे



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व मे विश्व पर्यावरण दिवस पर संस्था पदाधिकारियों ने सेना के जवानों के साथ मिलकर यहां आर्मी कैंट में फलदार व छायादार पौधा रोपण कर आम जनमानस को पौधारोपण करने एवं वृक्षों का संरक्षण करने के लिए जागरूक किया। योगेन्द्र साहू ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। वृक्ष आयुर्वेदिक औषधि होने के साथ वातावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखकर प्राणदायक ऑक्सीजन की मात्रा को अधिक रूप से बढ़ते है और वृक्षों से धुएं व उद्योगों से निकलते प्रदूषण को काफी हद तक नियंत्रण हो जाता है। प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण को बचाए रखने की नैतिक जिम्मेदारी है। पौधारोपण करने में बलराम हालदार, मुकेश सरकार, रोहतास प्रजापति, पूर्णिमा रजवार, मनीष साहू, सूरज मिस्त्री, सुशील राय, दीपक कुमार, सूरज कुम्हार, मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## अजय भट्ट की जीत पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न



गदरपुर(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के प्रतिष्ठान पर नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के भारी मतों से विजय पर आतिशबाजी की गई एवं मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार सरकार बना रही है जिसका संपूर्ण देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एव उत्तराखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जाता है जिनके नेतृत्व में उत्तराखंड भगवामय हो गया और सभी सीट भाजपा द्वारा जीती गई। इस अवसर पर मिनी गुंबर,अनिल जेटली,अभिषेक वर्मा ,राजू शर्मा, संजय चौधरी ,राजबाला चौहान, पूनम ग्रोवर, ज्योति अरोड़ा ,हैप्पी चंद्र, परमजीत सिंह पम्मा, मनोज कुमार ,अरविंद पाल ,जसवीर चीमा ,राजीव पपनेजा ,गौतम पपनेजा ,केशव सुखीजा ,आकाश कोचर, शिवम खुराना ,ज्योति अरोरा,कुनाल रस्तोगी, निपुण गगनेजा, सतीश छाबड़ा , मनोज गिरी, सोनू विश्वास ,रोहित सुदामा, सचिन बत्रा, सुभाष खुराना, मुकुल सुखीजा, रणजीत सिंह ,रविंद्र सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाबा केसर सिंह की याद में हुए धार्मिक कार्यक्रम



गदरपुर(उद संवाददाता)। संत बाबा केसर सिंह की 69 वीं याद में आयोजित किए गए बरसी समागम के दौरान रागी, ढाढी एवं प्रचारकों द्वारा हरि जस गायन करते हुए संगत को गुरु वाले बनने की प्रेरणा दी गई । ग्राम थापक नगला में गुरुद्वारा श्री केसरपुर साहब के ग्रंथी भाई अमरीक सिंह ने बताया कि संत बाबा केसर सिंह की याद में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत वक्ताओं द्वारा गुरु का इतिहास एवं गुरबाणी पर आधारित जानकारियां प्रदान की गई । दूरदराज से आई संगत ने अरदास में शामिल होकर गुरु का लंगर रूपी प्रसाद भी ग्रहण किया इस अवसर पर आयोजित मेले में सैकड़ो दुकान दारों द्वारा विभिन्न प्रकार के घरेलू उत्पादों की दुकानें भी लगाई गई, तरह-तरह के झूलों पर बच्चों ने खूब आनंद लिया सायं काल उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवकों को आयोजित किए गए दंगल में भाग लेने का मौका मिला विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इधर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ग्राम रोशनपुर में 1984 के दरबार साहिब श्री अमृतसर पर किए गए हमले के दौरान हुए शहीदों की याद में ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर आने जाने वाले राहगीरों की सेवा की गई । इसीपुर गुरुद्वारा साहिब में गुरबाणी पाठ और सर्वत्र सुख शांति तथा पर्यावरण संरक्षण की अरदास की गई।

